तापमान
अधिकतम 44.0 डिग्री
न्यूनतम 26.0 डिग्री

हरिभूमि
# कोरबा भूमि

बिलासपुर, सोमवार 1 जून 2026
दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा

4 वार्डवासियों के सभी समस्याओं का अनिवार्य रूप से किया जाएगा समाधान : लखन



## खबर संक्षेप

### प्रवेश हेतु ऑनलाइन आवेदन 12 तक

**कोरबा।** पंडित सुंदरलाल शर्मा (मुक्त) विश्वविद्यालय छत्तीसगढ़ द्वारा शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए द्विवर्षीय बी.एड. एवं डी.एल.एड. पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु अधिसूचना जारी कर दी गई है। विश्वविद्यालय प्रशासन से प्राप्त जानकारी के अनुसार इन पाठ्यक्रमों में प्रवेश निर्धारित नियमों के तहत आयोजित प्रवेश परीक्षा के माध्यम से किया जाएगा। इसके लिए इच्छुक अभ्यर्थियों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। विश्वविद्यालय द्वारा जारी समय-सारणी के अनुसार ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया 25 मार्च से प्रारंभ हो चुकी है तथा आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 12 जून रात्रि 12 बजे तक निर्धारित की गई है। अभ्यर्थी आवेदन पत्र में त्रुटि सुधार 13 से 15 जून तक निर्धारित शुल्क के साथ कर सकेंगे। प्रवेश परीक्षा हेतु प्रवेश पत्र 23 जून से डाउनलोड के लिए उपलब्ध होंगे। बी.एड. एवं डी.एल.एड. प्रवेश परीक्षा 28 जून को संभावित रूप से आयोजित की जाएगी।

### प्री.डी.एल.एड. प्रवेश परीक्षा 4 को

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल, रायपुर द्वारा आयोजित प्री.डी.एल.एड. प्रवेश परीक्षा आगामी 4 जून को प्रातः 10 बजे से अपरान्ह 12.15 बजे तक जिले के 23 परीक्षा केन्द्रों में संपन्न होगी, जिसमें कुल 7116 परीक्षार्थी शामिल होगें। परीक्षा के सफल संचालन हेतु व्यापम के निर्देशों के तहत सभी आर्जर, केन्द्राध्यक्ष एवं उड़नदस्ता दल को विस्तृत प्रशिक्षण दिया गया। परीक्षा में सम्मिलित होने वाले परीक्षार्थीओं के लिए निर्देश जारी किया गया है। जारी निर्देश के अनुसार परीक्षा 10 बजे से अपरान्ह 12.15 बजे तक आयोजित होगी। परीक्षा केन्द्र का मुख्य द्वार 30 मिनट पूर्व 9.30 बजे बंद कर दिया जावेगा। परीक्षार्थी, परीक्षा प्रारंभ होने के कम से कम 2 घंटा पूर्व अनिवार्य रूप से परीक्षा केन्द्र में पहुंचेगें ताकि सभी अभ्यर्थिओं का मेटल डिटेक्टर तथा फिस्किंग जांच किया जा सकें। परीक्षार्थी हल्के रंग के आधी बांह वाले कपड़े पहना होगा। फूट बियर के रूप में चप्पल पहनेगें। कान में किसी भी प्रकार का आभूषण वर्जित है। परीक्षा कक्ष में किसी प्रकार का संचार उपकरण, इलेक्ट्रॉनिक उपरकण, इलेक्ट्रॉनिक घड़ी, पर्स, पाऊज, स्कार्फ, बेल्ट, टोपी आदि ले जाना पूर्णतः वर्जित है। परीक्षा में अनुचित साधनों का प्रयोग करने पर कठोर कार्यवाही की जायेगी तथा अभ्यर्थिता समाप्त की जावेगी।

### औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थाओं में प्रवेश हेतु आवेदन 15 तक

**कोरबा।** राज्य की शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थाओं में प्रवेश हेतु रिक्त स्थानों के लिये ऑनलाईन आवेदन 15 जून रात्रि 11.59 बजे तक आमंत्रित किया गया है। इच्छुक अभ्यर्थी वेबसाइट पर जाकर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। आवेदन करने के पूर्व अभ्यर्थी उक्त वेबसाइट पर उपलब्ध प्रवेश विवरणिका का भली-भांति अध्ययन कर लें। किसी प्रकार की सहायता या जानकारी के लिये अभ्यर्थी निकटतम शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था अथवा उक्त वेबसाइट पर प्रदर्शित हेल्पलाइन नंबर पर संपर्क कर मार्गदर्शन प्राप्त कर सकते हैं।

### निर्वाचन क्षेत्रों में सार्वजनिक व सामान्य अवकाश आज

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जारी समय-अनुसूची के अनुसार जिला कोरबा में नगरीय निकाय और त्रिस्तरीय पंचायत उप निर्वाचन-2026 के तहत मतदान प्रक्रिया संपन्न कराई जानी है। जिले के जिन क्षेत्रों में उप निर्वाचन होना है, वहाँ सुचारू रूप से मतदान संपन्न कराने और मतदाताओं को अपने मताधिकार का प्रयोग करने की सुविधा प्रदान करने के लिए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री कुणाल दुदावत ने एक महत्वपूर्ण आदेश जारी किया है।

# भर्ती प्रक्रिया पर रोक लगाने से फिर खड़ा हुआ शिक्षकों का संकट

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले में 800 पद प्रायमरी से लेकर हायर सेकेंडरी स्कूल तक शिक्षकों के रिक्त पड़े हुए हैं। इनमें स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूलों के 79 पद शामिल हैं। जिन पर चल रही भर्ती प्रक्रिया पर रोक लगाए जाने के बाद एक बार फिर आत्मानंद स्कूलों के छात्रों के सामने शिक्षकों का संकट खड़ा हो गया है।

बीते दो वर्ष से प्रायमरी से लेकर हायर सेकेंडरी स्कूल तक व्याख्याता के रिक्त पदों पर जिला प्रशासन के द्वारा डीएमएफ से मानदेय दर शिक्षकों व भृत्यों की भर्ती की गई थी। हालांकि यह अस्थाई भर्ती है लेकिन डगमगाती शिक्षा व्यवस्था को इन मानदेय शिक्षकों के माध्यम से सुधारने का कार्य जिला प्रशासन के द्वारा किया गया था। इन स्कूलों के अलावा अंग्रेजी माध्यम से स्वामी आत्मानंद स्कूलों में भी प्रायमरी से लेकर हायर सेकेंडरी स्कूल तक शिक्षकों के पद रिक्त पड़े हुए हैं। जिनकी संख्या 79 बतायी गयी है। इनमें सहायक शिक्षक, शिक्षक और व्याख्याता के पद शामिल हैं। व्याख्याता के पद में संस्कृत, अंग्रेजी, गणित और रसायन जैसे सब्जेक्ट के लिए विशेषज्ञ शिक्षक नहीं होने के कारण हायर सेकेंडरी स्तर की शिक्षा व्यवस्था आत्मानंद स्कूलों की ज्यादा प्रभावित हो रही है। इस वर्ष भर्ती के लिए अभ्यर्थियों से मंगाए गए ⏭ शेष पेज 3 पर

### जिले में 800 पद शिक्षकों के हैं रिक्त

**खास बातें**
- स्वामी आत्मानंद के साथ अन्य स्कूल भी शिक्षकों को मोहताज



### ग्रामीण अंचल के स्कूल हैं प्रभावित

स्वामी आत्मानंद स्कूलों में सबसे ज्यादा प्रभावित ग्रामीण अंचल के स्कूल हैं। इनमें पसान और कोरबी क्षेत्र के आत्मानंद स्कूलों की स्थिति शिक्षकों के मामले में दयनीय बनी हुई है। जहां शिक्षकों की पदस्थापना को लेकर छात्रों को लेकर आंदोलन भी किया जा चुका है। इस वर्ष इन स्कूलों को शिक्षक मिलने की उम्मीद थी। लेकिन उसमें भी पानी फिर गया।

### 4 स्कूलों को सीबीएसई की है मान्यता

जिले में चलने वाले 15 स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूलों में 4 स्कूलों को सीबीएसई की मान्यता मिली हुई है। इनमें कोरबा ब्लाक में पंप हाउस, पाली ब्लाक में हरदीबाजार एवं पाली नगर का स्कूल शामिल है। इनके अलावा कटघोरा ब्लाक में एक स्कूल को ही मान्यता मिली है।

## डोकरमना, खेतार सहित दर्जनों गांवों में गहराया पेयजल संकट

# पहाड़ों में बसे गांवों का गिरा जल स्तर तरिया, ढोढ़ी के पानी से बुझ रही प्यास

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिला मुख्यालय से करीब 50 किलोमीटर दूर स्थित पहाड़ो में बसें ग्रामो का जलस्तर गिरने से यहां के ग्रामीण परिवार तरिया और ढोढ़ी के पानी से अपनी प्यास बुझा रहे हैं। डोकरमना खेतार जैसे पहाड़ों में बसे दर्जनों गांव में भीषण गर्मी के बीच पेयजल संकट गहराता जा रहा है। ग्रामीण तरिया और ढोढ़ी के पानी से प्यास बुझाने मजबूर हैं।

जनपद कोरबा के अंतर्गत आने वाले डोकरमना, चिराईजूंझ, खम्होन, खेतार जैसे दर्जनों गाँव के ग्रामीण इस भीषण गर्मी में पेयजल की समस्या से जूझ रहे हैं और प्राकृतिक जल स्त्रोतों पर निर्भर रहने को मजबूर हैं। ग्रामीणों के अनुसार गांव में लंबे समय से पेयजल व्यवस्था चरमराई हुई है। जल जीवन मिशन के तहत लगाए गए नलों में पानी नहीं आ रहा है। पीएचई विभाग के कई हैंडपंप खराब पड़े हुए हैं। जिसके कारण ग्रामीणों को दैनिक जरूरतों के लिए जंगलों के बीच स्थित तरिया और प्राकृतिक नालों से पानी लाना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि पानी लाने के लिए उन्हें कच्ची पगडंडियों से होकर गुजरना पड़ता है, जहां जंगली जानवरों का खतरा भी बना रहता है। इसके बावजूद मजबूरी में लोग उन्हीं जल स्त्रोतों पर निर्भर हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि समस्या को लेकर कई बार संबंधित विभाग को शिकायत की गई लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। गांव के सरपंच ने भी बताया कि पीएचई विभाग के अधिकारियों को कई बार अवगत कराया गया है लेकिन विभागीय उदासीनता के चलते स्थिति जस की तस बनी हुई है। भीषण गर्मी के दौर में पेयजल संकट ने ग्रामीणों की चिंता और बढ़ा दी है। ग्रामीणों ने प्रशासन से जल्द खराब हैंडपंप सुधारने और जल जीवन मिशन के तहत नियमित जलापूर्ति सुनिश्चित करने की मांग की है। डोकरमना के सरपंच ने बताया कि हर गर्मी के मौसम में आसपास के ग्रामों के ग्रामीणों को जलस्तर नीचे चले जाने से ऐसी स्थिति का सामना करना पड़ता है। गांव से लगभग 5 सौ मीटर दूर एक प्राकृतिक जलस्त्रोत है जिसकी प्रतिवर्ष सफाई की जाती है। हर वर्ष ग्रामीण उस ढोढ़ी के पानी के उपयोग करते हैं इसलिए उसके चारों ओर पक्की दीवार खड़ी की गई है इसमें भी ग्रामीणों का ही सहयोग रहा है। पंचायत के सहयोग से ढोढ़ी के साफ सफाई के साथ दवा का छिड़काव भी किया जाता है। गर्मी के इन दिनों में गांव में स्थित हैंडपंप का जलस्तर नीचे जाने से हैंडपंप भी जवाब दे गए हैं। पहाड़ों के गांवों में यह स्थिति हर वर्ष निर्मित होती है।

**खास बात**
- सूखे नल और खराब हैंडपंप से बढ़ी परेशानी, तरिया और ढोढ़ी से पानी लो को मजबूर ग्रामीण


अरेतरा गांव में ढोढ़ी से पानी लेकर आती महिलाएं।

# कटघोरा ब्लाक का जलस्तर गया तीन मीटर नीचे, पीएचई के सर्वे में सामने आई जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले के ग्रामीण अंचलों में कुओं का जल स्तर मापने के लिए मैदानी क्षेत्र में मनरेगा के माध्यम से अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान में मनरेगा कर्मियों के मोबाइल में जल दूत के नाम से एप लोड किया गया है। जिसमें कुओं का जलस्तर लेकर उसमें अपलोड किया जा रहा है। अब तक 127 ग्राम पंचायतों में यह काम पूरा किया जा चुका है। पीएचई के द्वारा किए गए मापने के कार्य में कटघोरा ब्लाक का जलस्तर 3 मीटर नीचे गया है।

जिले का जलस्तर नापने के लिए प्रति वर्ष लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा अप्रैल महीने से जल स्तर नापने का अभियान चलाया जाता है। किन्तु उसके पास तकनीकी संसाधन नहीं होने के कारण मेनुअल तरीके से ही विभाग के द्वारा जलस्तर मापा जा रहा है। इस वर्ष जिले के पांचों विकासखंड अंतर्गत कटघोरा विकास खंड का जलस्तर मई महीने की रिपोर्ट के आधार पर 3 मीटर नीचे गया है। और फरवरी व मार्च में कटघोरा ब्लाक का भूजल स्तर 20 मीटर था वह बढ़कर मई महीने में 23 मीटर पहुंच गया है। इसी तरह कोरबा, करतला, पाली, पोड़ी उपरोड़ा का जलस्तर फरवरी व मार्च के जलस्तर की तुलना में डेढ़ से दो मीटर नीचे गया है। जलस्तर नापने के लिए अब तक लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के भरोसे ही अभियान चलाया जाता रहा है। अब इस कार्य में जिला पंचायत के मनरेगा प्रकोष्ठ को भी जोड़ा गया है। इसके लिए केन्द्र सरकार की ओर से जलदूत नाम से एक ऐप बनाया गया है। इस ऐप को रोजगार सहायक एवं तकनीकी सहायक के द्वारा अपने मोबाइल में लोड कर अपने अपने क्षेत्रों के निजी एवं सरकारी कुओं का जलस्तर मेनुअल तरीके से मापते हुए उसके स्तर को एप में अपलोड कर ऑनलाइन भेजा जा रहा है। इस प्रक्रिया से प्रत्येक गांव के जलस्तर की जानकारी राज्य शासन तक प्रतिदिन पहुंच रही है। हालांकि 722 गांव वाले जिले में यह काम अब तक 127 ग्राम पंचायतों तक ही पहुंचा है। 15 जून से मानसून के दस्तक देने के पूर्व ग्राम पंचायतों में इस कार्य को पूरा करना है। 412 ग्राम पंचायतों में 15 जून तक इस कार्य को पूरा करना मनरेगा कर्मियों के लिए संभव प्रतीत नहीं हो रहा है।

**खास बातें**
- मैदानी कर्मियों को अपने मोबाइल एप में क्षेत्र के जलस्तर का अपलोड़ करना पड़ रहा डाटा
- 127 ग्राम पंचायतों के आश्रित गांवों के कुओं का लिया गया जल स्तर

### एक अप्रैल से चला था अभियान

जलदूत ऐप आने के बाद मनरेगा कर्मियों को इस कार्य के लिए प्रशिक्षित भी किया गया था। जिनके द्वारा गांव गांव जाकर अपने अपने क्षेत्र की जलस्तर की जानकारी को अपलोड करना था। प्रशिक्षित कर्मियों के द्वारा अपने ग्राम पंचायतों के घर घर जाकर कुओं का जल स्तर लिया गया। जिसे मोबाइल एप में अपलोड किया गया। मनरेगा के द्वारा किए गए जल स्तर मापने के काम में भी कटघोरा का जलस्तर लगातार नीचे जाने की जानकारी मनरेगा कर्मियों को भी मिली है।

### केन्द्रीय भूजल बोर्ड करता है मापने का काम

जल स्तर मापने का काम वैसे तो केन्द्रीय भूजल बोर्ड के द्वारा तकनीकी संसाधनों के माध्यम से किया जाता है। लेकिन वैकल्पिक तौर पर पीएचई के द्वारा भी मेनुअल तरीके से जलस्तर मापा जाता है। जिले में कटघोरा ब्लाक का जलस्तर 3 मीटर नीचे गया है।

-**रमन उरांव,** कार्यपालन अभियंता, पीएचई

# पेड़ की डाल गिरने से तीन युवकों की मौत कलेक्टर ने राहत सहायता हेतु दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

पाली थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम चोरका दांड में शनिवार की शाम तेज आंधी-तूफान एवं बारिश के दौरान दुर्घटना में तीन युवकों की मृत्यु हो गई। जानकारी के अनुसार मौसम खराब होने और तेज बारिश से बचने के लिए तीनों युवक एक बड़े पेड़ के नीचे रुके थे। इसी दौरान पेड़ की भारी डाल टूटकर उन पर गिर गई, जिससे उनकी मौके पर ही मृत्यु हो गई। मृतकों में शिवराम टेकाम उम्र 14 वर्ष, कमलेश बड़ा उम्र 18 वर्ष एवं दिनेश तिर्की उम्र 17 वर्ष शामिल हैं। घटना की सूचना मिलते ही जिला प्रशासन द्वारा तत्काल आवश्यक कार्यवाही प्रारंभ की गई।

घटना की जानकारी प्राप्त होने पर कलेक्टर कुणाल दुदावत ने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश जारी करते हुए मृतकों के परिजनों को राजस्व पुस्तक परिपत्र (आरबीसी) 6-4 के तहत आर्थिक सहायता प्रदान करने की प्रक्रिया शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर के निर्देशानुसार तहसीलदार भूषण मंडावी, नायब तहसीलदार सुजीत पाटले एवं राजस्व विभाग की टीम ने प्रभावित परिवारों से मुलाकात कर उन्हें सांत्वना दी तथा आवश्यक सहायता का आश्वासन प्रदान किया। उनकी उपस्थिति में चिकित्सकीय टीम द्वारा आज मृतकों का ⏭ शेष पेज 3 पर


मृतक के परिजन।

# गोठानों को गौधाम बनाने की प्रक्रिया नहीं बढ़ रही आगे

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले में गोठानों को गौधाम बनाने की प्रक्रिया आगे नहीं बढ़ सकी है। विभाग के द्वारा भेजे गए 13 गोठानों के प्रस्ताव में 3 गोठानों को गौधाम बनाने की स्वीकृति मिली थी लेकिन एक गोठान को ही गौधाम बनाया जा सका है।

पशुधन विकास विभाग के द्वारा जिले में एक बार फिर पुराने भेजे गए प्रस्ताव पर अमल करने के लिए राज्य शासन को पत्र लिखा है। जिसमें पूर्व में भेजे गए 13 गोठानों के प्रस्ताव पर और गोठानों को गौधाम बनाने की स्वीकृति देने की मांग की है। विभाग के अधिकारियों का कहना है कि 13 प्रस्ताव भेजा गया था, जिसमें से 3 की स्वीकृति मिली थी और एक गोठान को ही गौधाम बनाया जा सका है। दो गोठानों का मामला जमीन विवाद में होने के कारण इसका प्रकरण राजस्व विभाग में चल रहा है। जिसकी वजह से गौधाम नहीं बनाये जा सके। इस स्थिति को देखते हुए राज्य शासन को पूर्व में भेजे गए 13 गोठानों के प्रस्ताव में ही और गोठानों को गौधाम बनाने ⏭ शेष पेज 3 पर

**खास बातें**
- विभाग के प्रस्ताव पर अब तक शासन से नहीं मिली स्वीकृति
- 13 गोठानों को गौधाम बनाने के लिए भेजा गया है प्रस्ताव

### विभाग ने लिखा है पत्र

13 गोठानों को गौधाम बनाये जाने का प्रस्ताव पहले ही भेजा गया था। जिसमें 3 की स्वीकृति मिली है। इसमे दो विवादों में पड़ गए। एक गोठान को ही गौधाम बनाया जा सका है। अन्य गोठानों को भी गौधाम बनाए जाने के लिए एक बार फिर राज्य शासन को स्वीकृति के लिए पत्र लिखा गया है।

-एसएन मिश्रा,
उप संचालक, पशु विभाग

### जिले में 332 गोठान बनाए गए थे

पूर्व सरकार के समय जिले में कुल 332 गोठान बनाए गए थे। इनका संचालन महिला स्व सहायता समूह को दिया गया था। इन गोठानों में 370 गोठान ऐसे थे जहां स्वरोजगार एवं आजीविका के काम शुरू हो गए थे। किन्तु सरकार बदलने के बाद गोठानों के संचालन की व्यवस्था बिगड़ गई और सभी गोठानों के संचालन करने वाली महिला स्व सहायता समूह ने आर्थिक कारणों की वजह से हाथ पीछे खींच लिया।

### निजी संस्थाओं को दिए जा रहे हैं गोठान

गोठानों को गौधाम बनाने के लिए निजी संस्थाओं से आवेदन मंगाए गए थे। इन संस्थाओं में गौशाला का संचालन करने वाली समितियां और स्वयं सेवी संस्थाएं शामिल हैं। जिनके द्वारा सरकार के साथ मिलकर सामाजिक सरोकार के कार्य किए जाते हैं। जिले में भी निजी संस्थाओं ने आवेदन दिए थे। जिन पर शासन से स्वीकृति मिलने के बाद आगे की कार्रवाई होनी थी।

## ओल्ड पेंशन, नियमितीकरण और सीधी भर्ती की मांग को लेकर तेज विद्युत कर्मचारी जनता यूनियन का प्रदेशव्यापी आंदोलन

# विद्युत कम्पनी में रिक्त 6 हजार पदों पर भर्ती के लिए जनता यूनियन ने खोला मोर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत कर्मचारी जनता यूनियन द्वारा कर्मचारियों एवं बेरोजगार युवाओं के हित में चलाया जा रहा प्रदेशव्यापी आंदोलन अब निर्णायक चरण में प्रवेश कर गया है। संगठन द्वारा अपनी चार सूत्रीय मांगों को लेकर प्रदेश के 65 मंत्रियों, सांसदों एवं विधायकों को ज्ञापन सौंपकर उनका समर्थन प्राप्त किया जा चुका है। कई जनप्रतिनिधियों ने कर्मचारियों की मांगों को न्यायोचित बताते हुए मुख्यमंत्री के नाम पत्र लिखकर शीघ्र समाधान की मांग की है।

जनता यूनियन द्वारा चलाए गए प्रदेशव्यापी जनप्रतिनिधि संपर्क अभियान के अंतर्गत प्रदेशभर के मंत्री, विधायक एवं सांसदों से उनके निवास एवं कार्यालयों में मुलाकात कर मांगपत्र सौंपा गया। साथ ही केंद्रीय स्तर के सांसदों को भी ई-मेल के माध्यम से कर्मचारियों की समस्याओं और मांगों से अवगत कराया गया। संगठन की प्रमुख मांगों में पुरानी पेंशन योजना की बहाली, संविदा कर्मचारियों का नियमितीकरण, विद्युत कंपनियों में रिक्त पदों पर तत्काल सीधी भर्ती तथा कर्मचारियों एवं उनके परिवारों के लिए बेहतर स्वास्थ्य एवं चिकित्सा सुविधाएं शामिल हैं। जनता यूनियन के प्रांताध्यक्ष अनिल द्विवेदी ने कहा कि प्रदेश की विद्युत व्यवस्था आज गंभीर कर्मचारी संकट से जूझ रही है। विद्युत कंपनियों में विभिन्न संवर्गों के 6000 से अधिक पद रिक्त हैं, जो कुल स्वीकृत पदों का लगभग 60 प्रतिशत है। लगातार बढ़ते कार्यभार के बीच सीमित कर्मचारियों से काम लिया जा रहा है, जिसके कारण कार्यरत कर्मचारियों पर मानसिक एवं शारीरिक दबाव बढ़ता जा रहा है। उन्होंने कहा कि कर्मचारियों की कमी के चलते संविदा एवं ठेका कर्मियों को भी अपने निर्धारित कार्यक्षेत्र से बाहर जाकर जोखिमपूर्ण कार्य करना पड़ रहा है। इसके कारण दुर्घटनाओं में वृद्धि हो रही है और कई कर्मचारी असमय अपनी जान गंवा चुके हैं। इसका सीधा असर प्रदेश की विद्युत आपूर्ति और उपभोक्ता सेवाओं पर भी पड़ रहा है। श्री द्विवेदी ने आरोप लगाया कि सरकार और प्रबंधन वर्षों से भर्ती प्रक्रिया टालकर विद्युत व्यवस्था को ठेका आधारित मॉडल की ओर धकेल रहे हैं। आज स्थिति यह है कि प्रदेश की विद्युत व्यवस्था का बड़ा हिस्सा ठेका एवं बाह्यस्त्रोत कर्मियों के भरोसे संचालित हो रहा है। उन्होंने कहा कि जनता यूनियन किसी भी स्थिति में विद्युत कंपनियों के निजीकरण अथवा कर्मचारियों के अधिकारों पर कुठाराघात को स्वीकार नहीं करेगी और इसके खिलाफ संघर्ष लगातार जारी रहेगा।

### अब प्रबंधन को जगाने मैदान में उतरेंगे कर्मचारी

जनता यूनियन के प्रांतीय महासचिव अजय बाबर ने बताया कि जनप्रतिनिधियों तक कर्मचारियों की आवाज पहुंचाने के बाद संगठन अब आंदोलन के दूसरे चरण में प्रवेश कर रहा है। उन्होंने बताया कि 5 से 12 जून तक पूरे प्रदेश में ढोल बजाओ, प्रबंधन जगाओ अभियान चलाया जाएगा। इस दौरान प्रदेश के सभी क्षेत्रीय मुख्यालयों में मुख्य अभियंताओं एवं कार्यपालक निदेशकों के कार्यालयों के समक्ष कर्मचारियों द्वारा ढोल बजाकर, नारे लगाकर तथा ज्ञापन सौंपकर शीर्ष प्रबंधन का ध्यान कर्मचारियों की समस्याओं की ओर आकर्षित किया जाएगा।

### सूने मकान में चोरों का धावा, हजारों का माल पार




**कोरबा।** उरगा थाना क्षेत्र अंतर्गत अटल विहार कॉलोनी के क्वाटर नंबर जूनियर एमआईजी-24 नंबर मकान में अज्ञात चोरों ने धावा बोलकर घर का ताला तोड़कर घर के बिजली का मेन लाइन काटकर घर का बोर्ड, बटन, होल्डर, टुल्लू पंप चोरी कर ले गए हैं। बताया जाता है कि वर्तमान में उक्त मकान काफी दिनों से बंद था। मामले में पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर पतासाजी की जा रही है।

खबर संक्षेप

## चाकू लहराते बदमाश को पुलिस ने दबोचा

**बिलासपुर।** सकरी शराब भट्ठी रोड पर हाथ में धारदार चाकू लहराकर राहगीरों को डराने-धमकाने वाले एक बदमाश को सकरी पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है। पुलिस के मुताबिक शनिवार से मुखबिर की सूचना मिली की अटल आवास सकरी निवासी राजेश मरकाम 32 वर्ष शराब भट्ठी मार्ग पर चाकू लेकर आने-जाने वाले राहगीरों को आतंकित कर रहा है। मामले की गंभीरता को देखते हुए एसएसपी रजनेश सिंह,एएसएसपी पंकज कुमार पटेल और सीएसपी निमितेश सिंह परिहार के निर्देश पर सकरी थाना प्रभारी उमेश साहू के नेतृत्व में टीम गठित की गई। पुलिस ने घेराबंदी कर आरोपी राजेश मरकाम को रंगे हाथों दबोच लिया।उसके कब्जे से धारदार चाकू जब्त कर उसे न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया है। इस कार्रवाई में प्रआर चोलाराम पटेल,आरक्षक रूपेश कौशिक,पवन बंजारे और मनोज बघेल की सराहनीय भूमिका रही।

## बीयर बोतल से युवक का सिर फोड़ा, जुर्म दर्ज

**बिलासपुर।** शराब के लिए पैसा नहीं देने पर युवक के साथ मारपीट कर बीयर की बोतल से हमला कर सिर फोड़ दिया गया है। पुलिस ने हमलावर के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। सिरगिट्टी पुलिस के अनुसार, नयापारा निवासी गोलू मानिकपुरी पिता स्व. लखन दास 30 मई को मोहल्ले के किराना दुकान के सामने बैठे थे। इसी दौरान बिट्टू उर्फ सावन यादव आया और शराब पीने के लिए पैसा मांगने लगा। उन्होंने पैसा देने से मना किया तो बिट्टू ने उनके साथ गाली गलौज कर बीयर की बोतल से हमला कर सिर फोड़ दिया। उसके बाद कैंची से पीठ, दाहिने पैर पर हमला कर दिया। पुलिस ने गोलू मानिकपुरी की रिपोर्ट पर हमलावर बिट्टू उर्फ सावन यादव के खिलाफ बीएनएस की धारा 115, 2, 119, 1, 296, 351, 3 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

## ग्रामीण की आत्महत्या मामले में आरोपी गिरफ्तार

**बिलासपुर।** जमीन विवाद मे प्रताड़ना से त्रस्त होकर ग्रामीण ने जहर खाकर आत्महत्या कर ली थी, ग्रामीणों ने शव



रखकर चक्काजाम कर आरोपी के गिरफ्तारी की मांग की। इसके बाद पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। सीपत पुलिस के अनुसार, 29 मई को फरहदा निवासी परमेश्वरी पटेल पति कनक पटेल ने रिपोर्ट लिखाई। बजरंग चौक में शासकीय जमीन में उन लोगों का घर है और वे कई सालों से काबिज है। पड़ोसी बलराम यादव उनके घर के बुजुर्ग महिला रामकली यादव को कहने लगा तुम लोग जिस जमीन में घर बनाए हो वह शासकीय है, घर व जमीन छोड़कर यहां से चले जाओ कहकर घर में घुसकर गाली गलौज कर मारपीट की थी, जिससे क्षुब्ध होकर उनके पति कनक पटेल जहर खा लिया था। 30 मई को उनका इलाज के दौरान सिम्स में मौत हो गई थी। परिजन ने शव मुख्य मार्ग मे रखकर आरोपी के गिरफ्तारी की मांग कर चक्काजाम कर दिया था। 31 मई को पुलिस ने बीएनएस की धारा 108 के तहत आरोपी फरहदा निवासी बलराम यादव पिता लुलुराम यादव 39 साल को गिरफ्तार कर लिया है।

## कार ने स्कूटी को मारी टक्कर,युवती घायल

**बिलासपुर।** सिविल लाइन थाना अंतर्गत नेहरू नगर मुख्य मार्ग पर एक तेज रफ्तार कार के चालक ने गलत दिशा में आकर स्कूटी को सामने से जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में स्कूटी चला रही युवती पावनी जोशी का बांया हाथ फ्रैक्चर हो गया ओर स्कूटी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। पुलिस ने कारचालक महिला के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। पुलिस के मुताबिक उसलापुर निवासी महेश कुमार जोशी ने थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई है घटना बीती 20 अप्रैल की शाम करीब 7 बजे की है। पीड़ित परिवार के द्वारा मृत माता के इलाज और अंतिम संस्कार में व्यस्त होने के कारण रिपोर्ट दर्ज कराने में देरी हुई। पुलिस ने आरोपी महिला कार चालक डाक्टर सुधा राम के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

मोपका बैम्बू म्यूजियम उजड़ा

हरिहर छत्तीसगढ़ योजना में प्रशासन के साथ मिलकर वन विभाग ने किया था काम

# लाखों खर्च कर बनाया गया बैम्बू म्यूजियम हो गया बर्बाद, बांस के पेड़ हो चुके हैं गायब

**बिलासपुर।** मोपका में 80 लाख रुपए खर्च कर विकसित किए गए बैम्बू म्यूजियम की हालत खराब हो गई है। यहां न तो बैम्बू है और न ही किसी तरह का म्यूजियम दिखाई देता है। बैम्बू म्यूजियम में करोड़ों रुपए के बांस के साथ सुरक्षा के लिए की गई फेंसिंग भी गायब हो गई, जहां अब जमीन के साथ पौधरोपण भी पूरी तरह से बरबाद हो गया है।

हरियर छत्तीसगढ़ योजना के तहत मोपका में विकसित किए गए बिलासपुर का पहला बैंबू म्यूजियम देखरेख के अभाव में पूरी तरह से नष्ट हो चुका है। इस म्यूजियम को जिस उद्देश्य से बनाया गया था, वह अब तक पूरा नहीं हो सका। मनरेगा के तहत बनाए गए बैंबू म्यूजियम को वर्ष 2015 में हरियर छत्तीसगढ़ योजना के तहत 26 एकड़ में तैयार



किया गया था। इसके तहत यहां बांस की 30 प्रजातियों के 7 हजार से अधिक पौधे लगाए गए थे, जिसमें कोलकाता और असम की बांस प्रजातियां भी शामिल की गईं। बांस का यह म्यूजियम जिले के पहले म्यूजियम के रूप में स्थापित हुआ। इस म्यूजियम का उद्देश्य लोगों को बांस के अलग-अलग प्रजातियों के संबंध में रूबरू कराना और म्यूजियम में लोगों को रोजगार देना व इसे संरक्षित करना था। इस प्रोजेक्ट को पांच साल तक के लिए रखा गया था। वर्ष 2020-21 में इस प्रोजेक्ट की अवधि पूरी हो गई। वर्ष 2015 से लेकर 2020 तक बैम्बू म्यूजियम की देखरेख की जिम्मेदारी वन विभाग ने निभाई। म्यूजियम बनाने के बाद लाखों रुपए के फेंसिंग और सीमेंट के पोल लगाए गए, ताकि बांस के पौधों की सुरक्षा मवेशियों से हो सके। वर्ष 2020-21 में पांच वर्ष तक जिम्मेदारी निभाने के बाद वन विभाग ने बैम्बू म्यूजियम को भगवान भरोसे छोड़ दिया। वर्तमान में इसकी हालत ऐसी हो गई है कि चारों ओर सुरक्षा के लिए लगाए गए फेंसिंग के साथ पोल और लाखों रुपए के बांस के पेड़ भी गायब हो चुके हैं।

### पांच साल का होता है प्रोजेक्ट

वन विभाग के अनुसार बैम्बू म्यूजियम नहीं बैम्बू सिटम कहा जाता है, जहां बांस की अलग-अलग प्रजातियों के पौधे लगाए जाते हैं। इस योजना को 10 साल से अधिक हो गए हैं और पांच साल के बाद प्रोजेक्ट समाप्त हो जाता है। वर्तमान में यह 6 साल हो गया है। इसका कारण है कि चौकीदार को देने के लिए राशि में मिलनी बंद हो जाती है, जिसकी वजह से वहां की सुरक्षा नहीं हो पाती।

### इन प्रजातियों के लगे थे बांस

जानकारी के अनुसार बैम्बू म्यूजियम में लगाए गए बांस की विभिन्न प्रजातियां लगाई गई थीं। इसमें नाइजेरिया के 10, गोल्डन बैंबू के 50, न्यूटान्स के 10, बाटल बैंबू के 50, डुल्हा के 10, लोटा के 10, वैरिटगेटेड के 45, वास टाइप के 50, रोपा के 60, बैंबूसा बालकुआ के 60 और बेलवेरिस के 50 प्रजातियों के बांस के पौधे लगाए गए थे।

### ली जाएगी जानकारी

मोपका में बैम्बू म्यूजियम में पौधरोपण कब किया गया था, यह तो जानकारी नहीं है, लेकिन अगर वह बरबाद हो रहा है तो इसकी जानकारी लेकर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

-नीरज कुमार, डीएफओ, वन मंडल बिलासपुर

वार्ड नंबर 12, 13 और 14 में पानी की समस्या

# सिरगिट्टी के चार वार्डों में फिर गहराया पानी का संकट, 10 दिन से खराब बोर नहीं सुधरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

सिरगिट्टी के वार्ड नंबर 12, 13 और 14 में पानी का संकट एक बार फिर गहराने लगा है। इससे छह हजार की आबादी परेशान है। इन क्षेत्रों में घरों में रेन वाटर हार्वेस्टिंग तथा तालाब निर्माण की तरफ कोई ध्यान नहीं दिए जाने से पानी का स्तर लगातार नीचे गिरता चला गया। दूसरी तरफ पानी संकट के समाधान के लिए कुछ वार्डों में बोर भी कराए गए लेकिन इनसे भी पानी नहीं आने पर इन्हें बंद कर दिया गया। यहां के लोगों ने बताया कि तपती धूप, चढ़ता पारा और हाथों में बाल्टी-डिब्बे लिए टैंकर से एक बाल्टी पानी के लिए जद्दोजहद करने की मजबूरी इन दिनों सिरगिट्टी वासियो के लिए बड़ी मुशीबत साबित हो रही हैं। पहले तो एक वार्ड में पानी की समस्या हुई थी जैसे जैसे भीषण गर्मी अपना कहर बरसा रही हैं क्षेत्र के न केवल निगम बल्कि निजी घरो के बोर भी हाफने लगे हैं।

सिरगिट्टी में गर्मी के समय अमूमन हर साल पानी की किल्लत से लोग गुजरते हैं परन्तु इसका अब तक कोई उचित समाधान नहीं निकल पाया हैं। निगम के दावे हर साल यहां पानी की समस्या को दुर करने का होता हैं परन्तु इस दावे के विपरीत हर साल रहवासी हाथों में बर्तन लिए टैंकर की राह ताकने मजबूर दिखाई पड़ते हैं। यहां के रहवासियों के मुताबिक एक मोटर खराब हो गया है जो कि 10 दिनों से नहीं बन सका है। इससे परेशानी बढ़ गई है। लोगों के अनुसारजिन वार्डों में पानी की समस्या है उसके समाधान के लिए बोर करवाए थे, लेकिन कहीं भी पानी नहीं निकला। जो पानी की टंकी है उससे ही सप्लाई हो रही है जिससे काम चलाने के लिए पानी मिल पा रहा है।



टैंकर से पानी लेतीं महिलाएं व बच्चे, बाल्टी व बर्तन की लगी लाइन।

### यहां पानी की समस्या

शहर अंतर्गत कुछ क्षेत्रों में हर वर्ष गर्मी में पानी की समस्या होती है। कुछ क्षेत्र में प्राकृतिक कारणों से कुछ क्षेत्र में निगम की बदइंतजामी के लिए कारण पेयजल संकट का सामना करना पड़ता है। इनमें मुख्य रूप से तालापारा, तारबाहर, जरहाभाठा मिनी बस्ती, जोरापारा सरकंडा, अशोक नगर सरकंडा, राजकिशोर नगर, मंगला, टिकरापारा, रेलवे परिक्षेत्र, तोरवा, नयापारा, सिरगिट्टी आदि प्रमुख हैं।

### टैंकर से आपूर्ति पर नहीं बुझ रही प्यास

सिरगिट्टी के साथ कई प्रभावित क्षेत्र में टैंकर से पानी की सप्लाई की जा रही है। लेकिन टैंकर से पानी सप्लाई बेसमय होती है। टैंकर के पहुंचते ही लोग पानी भरने के लिए भागते हैं। कई लोगों टैंकर के आने का पता ही नहीं चल पाता है। ऐसे में कई बार टैंकर के आने के बाद भी लोगों को पानी नहीं मिल पा रहा है। दूसरी ओर जलस्तर ने निगम के अधिकारियों की चिंता बढ़ा कर रख दी है।

### शिकायत सामने नहीं आई है

सिरगिट्टी से इस तरह की कोई शिकायत तो सामने नहीं आई है। यदि ऐसा है तो जोन आफिस के कर्मचारियों को भेजकर व्यवस्था कराई जाएगा। खराब बोर या पंप को सुधारा जाएगा।

**- श्रीमती पूजा विधानी**, महापौर

# 5 लाख का गांजा तस्करी करते पकड़ा गया आरोपी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

पांच लाख रुपए से अधिक कीमत के गांजा तस्करी मामले में जीआरपी की टीम ने आरोपी को पकड़ा है, जिसके पास से 10 किलो से अधिक गांजा जब्त करने के बाद एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है।

जानकारी के अनुसार वरिष्ठ मंडल सुरक्षा आयुक्त रमन कुमार और रेल पुलिस अधीक्षक दिव्यांग पटेल के निर्देश पर आरपीएफ और जीआरपी की टीम रेलवे स्टेशन और ट्रेनों में गांजा तस्करों के खिलाफ विशेष नारकोस अभियान चला रही है, जिसमें विशेषकर ओडिशा की ओर से आने वाली ट्रेनो में निगरानी रखी जा रही है। इस अभियान के तहत रेलवे सुरक्षा बल के प्रभारी कर्मपाल सिंह गुर्जर, जीआरपी प्रभारी बीके राठौर व अन्य स्टाफ ने पेट्रोलिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर रेलवे स्टेशन पर एक संदिग्ध युवक को पकड़कर पूछताछ और उसके पास रखे बैग की तलाशी ली। तलाशी के दौरान उसके बैग में



आरोपी से जब्त गांजा।

पांच पैकेट में 10 किलो 700 ग्राम गांजा रखा हुआ था, जिसकी कीमत 5 लाख 35 हजार रुपए है। आरोपी उत्तरप्रदेश मुजफ्फरनगर निवासी अक्षय कुमार पिता सतपाल 23 साल ने पूछताछ में बताया कि वह गांजा मलकानगिरी ओडिशा से लाने के बाद दिल्ली ले जाने के लिए दूसरी ट्रेन का इंतजार कर रहा था। जीआरपी ने आरोपी से गांजा जब्त करने के बाद 20 बी एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।

## पकड़ा गया मोबाइल चोर



**बिलासपुर।** जीआरपी की टीम ने मोबाइल चोरी करने वाले आरोपी को पकड़ा है। जीआरपी के अनुसार कोरबा कुसमुंडा कालोनी निवासी त्रिलोक सिंह पिता तीरथ सिंह 36 साल के मोबाइल चोरी की शिकायत पर अज्ञात आरोपी के खिलाफ मामला कायम किया गया था। रात में पेट्रोलिंग के दौरान स्टेशन के बाहर एक संदिग्ध मोबाइल बेचने की फिराक में ग्राहक तलाश कर रहा था, जिसे पूछताछ करने के लिए चौकी लाया गया। आरोपी तिलकेजा उरगा कोरबा निवासी बलवंत कंवर उर्फ बसंत पिता रतिराम कंवर 25 साल के कब्जे से चोरी का मोबाइल जब्त करने के बाद रिमांड पर जेल भेज दिया गया है।

# कार से अवैध शराब की सप्लाई करते दो आरोपी गिरफ्तार



पुलिस गिरफ्त में आरोपी व जब्त शराब।

**बिलासपुर।** अवैध शराब के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत तारबहार पुलिस ने जिला अस्पताल के पास घेराबंदी कर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से 35 पौवा देशी शराब और तस्करी में प्रयुक्त सेंट्रो कार जब्त की गई है।

पुलिस के अनुसार मुखबिर से सूचना मिली थी कि इंदिरा कॉलोनी निवासी सफी कुरैशी 33 वर्ष और शेख अकबर 30 वर्ष जिला अस्पताल के पास सुलभ शौचालय के सामने सफेद रंग की सेंट्रो कार में अवैध शराब रखकर ग्राहकों की तलाश कर रहे हैं। एसएसपी रजनेश सिंह, एएसएसपी पंकज कुमार पटेल व सीएसपी गगन कुमार के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी रवीन्द्र अनंत के नेतृत्व में टीम ने मौके पर दबिश दी।

तलाशी के दौरान कार से 35 नग देशी शराब बरामद हुई। वैध दस्तावेज न होने पर पुलिस ने शराब व कार जब्त कर दोनों आरोपियों को आबकारी एक्ट के तहत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है।

# कोरीडेम में नहाते समय डूबने से एक की मौत, दो बाहर निकले

**4 घण्टे बाद एसडीआरएफ की टीम ने बाहर निकाला शव**

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

कोरीडेम में नहाते समय तीन युवक गहराई में जाकर डूबने लगे। किसी तरह दो युवक बाहर निकल गए, लेकिन तीसरा युवक गहराई में डूब गया। 4 घण्टे मशक्कत के बाद एसडीआरएफ की टीम ने युवक के शव को डेम से बाहर निकाला गया है।



कोटा पुलिस के अनुसार, राजकिशोर नगर चंदन आवास निवासी शेख शोयब अख्तर पिता अब्दुल कयूम 20 साल प्राइवेट कालेज में बीबीए की पढ़ाई कर रहे थे। 31 मई को मृतक अपने दोस्त राजकिशोरनगर निवासी अफजल अहमद पिता इसरार 18 साल, जैमूल ओबेदिन के साथ स्कूटी से औरांपानी वाटरपार्क घूमने जा रहे थे। रास्ते में पेट्राल कम होने पर तीनों वापस होते हुए कोटा कोरीडेम चले गए। दोपहर 1.30 बजे तीनों डेम में उतरकर नहा रहे थे। नहाते समय तीनों गहराई में चले गए और डूबने लगे। किसी तरह जैमूल, अफजल डेम से बाहर निकल गए। किन्तु शोयब गहराई में फंसकर डूब गया। दोनों दोस्तों के चिखन चिल्लाने पर लोगों की भीड़ लग गई। सूचना पर पुलिस डेम पहुंचकर एसडीआरएफ की टीम को बुलाया। टीम के द्वारा 4 घण्टे मशक्कत करने के बाद शाम 6 बजे शव खोजकर बाहर निकाला गया है। पुलिस ने शव मरच्यूरी में रखवा दिया है। मृतक तीन भाईयों में दूसरे नम्बर का था। उनके पिता बिजनेश करते है। छात्र की मृत्यु की खबर से उनके घर में मातम छा गया है।

### अरपा में युवक की लाश मिलने से सनसनी

**बिलासपुर।** अरपा में एक युवक की लाश मिलने से सनसनी फैल गई। एसडीआरएफ की टीम के द्वारा शव को बाहर निकाला गया। मृतक की पहचान नहीं हो पाई है। शव मरच्यूरी में रखवा दिया गया है। सरकण्डा टीआई प्रदीप आर्या ने बताया, दोपहर 12 बजे लोगों ने सूचना दी। शनिचरी रोज बैराज के पास अरपा नदी में एक युवक की लाश तैर रही है। पुलिस मौके पर गई तो वहां पानी की गहराई अधिक थी। एसडीआरएफ टीम को बुलाकर शव को नदी से बाहर निकलवाया गया। आसपास के लोगों को बुलाकर पहचान कार्रवाई कराई गई, किन्तु उसकी पहचान नहीं हो पाई है। मृतक की उम्र लगभग 35 से 40 साल बताई जा रही है।

# रिपोर्ट लिखाने के दूसरे दिन नशेड़ियों ने घर घुसकर युवक को मारा चाकू

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

रिपोर्ट लिखाने के दूसरे दिन नशेड़ी युवकों ने घर में घुसकर एक युवक पर चाकू से जानलेवा हमला कर दिया है। घायल युवक को इलाज के लिए सिम्स में भर्ती कराया गया है।



घायल युवक।

सरकण्डा खमतराई निवासी बाबूराम साहू ने बताया, 30 मई को उनके घर के पास कुछ नशेड़ी युवक गाली गलौज कर रहे थे। उनके भतीजे गजेन्द्र साहू पिता सीताराम साहू 28 साल ने नशेड़ियों को गाली देने से मना किया तो नशेड़ियों ने उनके साथ मारपीट कर दी। गजेन्द्र साहू ने सरकण्डा थाने में नशेड़ियों के खिलाफ रिपोर्ट लिखवाई थी। 31 मई की सुबह लगभग 10.30 बजे उक्त नशेड़ी युवकों ने घर में घुसकर उनके भतीजे गजेन्द्र साहू के साथ जमकर मारपीट की और चाकू से हमला कर भाग गए। चाकूबाजी की वारदात से घर में हड़कंप मच गया। परिजन के द्वारा घायल युवक को इलाज के लिए सिम्स में भर्ती कराया गया है।

## युवक पर तलवार से हमला

तालाब किनारे पार्टी मना रहे एक युवक के साथ मारपीट करते हुए तलवार से हमला कर दिया है। घायल युवक को इलाज के लिए सिम्स में भर्ती कराया गया है। हसौद निवासी मोहन यादव पिता रामनारायण यादव ने बताया, 30 मई को उसके मामा ससुर के घर काठाकोनी भिलौनी नए के घर छत ढलाई होने पर गए थे। छत ढलाई होने के बाद वह रिश्तेदार भिलौनी निवासी प्रकाश यादव के साथ गांव के तालाब किनारे में बैठकर खानापीना रहे थे। इसी दौरान तीन युवक हाथ में तलवार लेकर आए। नशे में तीनों युवक उनके साथ गाली गलौज करने लगे। गाली देने मना करने पर युवकों ने प्रकाश यादव के साथ मारपीट करते हुए तलवार से हमला कर दिया। मोहन यादव ने बीच बचाव किया तो हमलावर भाग गए। घायल युवक को इलाज के लिए सिम्स में भर्ती कराया गया है।

## 30 लीटर महुआ शराब के साथ महिला गिरफ्तार

**सक्ती।** आबकारी वृत्त सक्ती ने कार्रवाई करते हुए ग्राम पाली में एक महिला को गिरफ्तार किया है। उसके कब्जे से 30 लीटर कच्ची महुआ शराब बरामद की गई है। 31 मई को आबकारी वृत्त सक्ती में सूचना मिली की ग्राम पाली में कुछ व्यक्तियों के द्वारा कटिंग पहाड़ी के किनारे जंगल के पास अवैध रूप से बड़े पैमाने पर महुआ शराब बनाई जा रही है। सूचना पर तत्काल आबकारी विभाग की टीम ने मौके पर दबिश दी। इस दौरान कुछ लोग भाग निकले, जबकि ग्राम पाली वार्ड नंबर 6 निवासी रिंकी बाई यादव पति उजैन यादव महुआ शराब बनाते पकड़ी गई।

# खड़ी गाड़ियों से डीजल चोरी करने वाला गिरोह पकड़ा गया

जांजगीर-चांपा। बलौदा क्षेत्र में गाड़ियों से डीजल चोरी करने वाले गिरोह का पुलिस ने भंडाफोड़ किया है। गिरोह के 3 सदस्य पुलिस के हत्थे चढ़े हैं। रात के अंधेरे में सड़क किनारे खड़ी गाड़ियों से ये डीजल की चोरी करता था। आरोपियों के कब्जे से स्कॉर्पियो वाहन समेत 13 लाख का माल बरामद किया गया है। इस संबंध में पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार खिसोरा निवासी प्रकाश कुमार राठौर ने 31 मई को थाना बलौदा में रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसका हाइवा क्रमांक सी जी 02 बी एम 0966 नवागांव घाट से हरदीबाजार जा रहा था। रात करीब 1 बजे चालक बीकेश चौहान ने खिसोरा उमरेली तालाब भारतमाला रोड के पास हाइवा खड़ी कर दी। तभी 3 अज्ञात लोग स्कॉर्पियो क्रमांक सीजी 16 बीएन 5176 से आए और हाइवा की डीजल टंकी का ताला तोड़कर 5 जेरिकेन में डीजल भरने लगे। चालक के जागने और शोर मचाने पर आरोपी डीजल लेकर बलौदा की ओर भाग गए। टंकी नापने पर 175 लीटर डीजल कम पाया गया। थाना बलौदा की टीम ने मुखबिर की सूचना पर संदेहियों की घेराबंदी कर रेड कार्रवाई कर पकड़ा। पुलिस ने तेजू पनिका, उम्र 31 वर्ष निवासी जमगहना थाना पटना जिला बैकुंठपुर कोरिया, दिनेश कुमार केंवट उम्र 22 वर्ष निवासी रसौटा थाना बलौदा, मनोज कुमार मिरी उम्र 37 वर्ष निवासी कोरबी थाना बलौदा को हिरासत में लेकर पूछताछ की।

# पत्नी के प्रेमी की हत्या, आरोपी पति गया जेल

**बिलासपुर।** पत्नी के प्रेमी की गला दबाकर हत्या के मामले में पुलिस आरोपी पति शिक्षक को गिरफ्तार कर जेल व नाबालिग बेटे का बाल सम्प्रेक्षण गृह भेज दिया गया है।

सकरी पुलिस के अनुसार, लोरमी गोंडखाम्ही राम्हेपुर निवासी दावेन्द्र कुमार बघेल की सैदा हाउसिंग बोर्ड कालोनी निवासी शिक्षक शिव कामले पिता पंचराम कामले 49 साल और उनके नाबालिग 16 साल के बेटे ने मारपीट कर गला दबाकर हत्या कर दी थी। 31 मई को पुलिस ने पिता को गिरफ्तार कर जेल व नाबालिब बेटे को बाल सम्प्रेक्षण गृह भेज दिया है। मृतक का आरोपी शिक्षक के पत्नी से प्रेम संबंध था। शिक्षक तीन बच्चों के पिता है। उनकी एक बेटी 22 साल, बेटा 16 साल व एक छोटी बेटी है। तीन बच्चों की मां होने के बाद शिक्षक ने अपनी पत्नी को युवक से संबंध नहीं रखने समझाइश दी। यहां तक तीनों बच्चे भी अपनी मां को समझाइश दे रहे थे। किन्तु वह किसी की बात नहीं मान रही थी।



आरोपी।

शिक्षक ने पत्नी पत्नी के मोबाइल का सिम निकालकर तोड़ दिया था। 30 मई को मृतक लोरमी से प्रेमिका को नया सिम देने आया था। शिक्षक ने दोनों को मिलते देख लिया। उसने अपने बेटे को भेजकर मृतक को फस्ट फ्लोवर के कमरे में मिलने बुलाया। युवक को कमरे में बैठाकर पिता पुत्र समझाइश दे रहे थे। किन्तु मृतक उन्हें उनकी पत्नी बगैर नहीं रह सकता है कहने लगा। इस पर पिता पुत्र ने उसकी हत्या कर दी थी।

# रास्ते को व्यवस्थित कराने पर मारपीट पूर्व महापौर पिता पुत्र के खिलाफ जुर्म दर्ज

**बिलासपुर।** कालोनी की रास्ते को व्यवस्थित कराने पर एक व्यक्ति के साथ पूर्व महापौर व उसके बेटे ने गाली गलौज कर धक्का मुक्की करते हुए मारपीट की गई है। पुलिस ने पिता पुत्र के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

सिविल लाइन टीआई किशोर केंवट ने बताया, मिनोचा कालोनी निवासी अमित शर्मा अपने घर के सामने कालोनी के रास्ते को व्यवस्थित करा रहे थे। इसी दौरान पूर्व महापौर राजेश पाण्डेय व उनका बेटा राहुल पाण्डेय वहां आकर रास्ते बनाने को लेकर विवाद कर उनके साथ गाली गलौज कर धक्का मुक्की करते हुए मारपीट की गई है, जिससे कालोनी में हड़कंप मच गया। उसके बाद दोनों पक्ष सिविल लाइन थाना पहुंचकर एक दूसरे पर आरोप प्रत्यारोप लगाते हुए हंगामा मचाने लगे। पुलिस अधिकारियों के द्वारा समझाइस देकर दोनों पक्षों को शांत कराया गया। पुलिस ने दोनों पक्षों की बात सुनने के बाद अमित शर्मा की रिपोर्ट पर राजेश पाण्डेय व उनके बेटे राहुल पाण्डेय के खिलाफ बीएनएस की धारा 296, 115, 2, 126, 2, 351, 3 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है। टीआई श्री केंवट ने बताया, राजेश पाण्डेय के द्वारा अमित शर्मा पर घर में घुसकर गाली गलौज कर मारपीट करने का आरोप लगाते हुए लिखित शिकायत की है। उनकी शिकायत को जांच में रखा गया है।

## खबर संक्षेप



### पुरुषोत्तम मास पर हुआ अखंड रामायण पाठ अनुष्ठान

**कोरबा।** शारदा विहार आवासीय परिसर में अखंड रामायण पाठ का आयोजन किया गया। ज्येष्ठ शुक्ल चतुर्दशी को अखंड पाठ शुरू हुआ और पूर्णिमा को सुबह 11 बजे यह पूर्ण हुआ। आयोजक चित्रकेत गुप्ता और हरिकेत गुप्ता के अलावा क्षेत्र के नागरिकों ने पूजा अर्चना के साथ श्री रामायण जी का पाठ किया। महाकाव्य के प्रति अनुराग रखने वाले लोगों ने इस अनुष्ठान में सहभागिता करते हुए भगवान के नाम का स्मरण किया। 24 घंटे तक रामायण पाठ के पश्चात भजन कीर्तन और आरती के साथ अनुष्ठान पूर्ण हुआ। समापन पर शिक्षा शास्त्री चंद्र कुमार शर्मा ने रामचरितमानस और गोस्वामी तुलसीदास से संबंधित प्रसंग पर विचार रखें। पुरुषोत्तम मास में भगवत नाम स्मरण की महिमा को भी लोगों ने जाना और इस तरह के प्रयोग को आगे विस्तार देने का संकल्प लिया।

### गौरीशंकर मंदिर में हुआ आयोजन



कोरबा। पुरुषोत्तम मास के तृतीय मुख्य तिथि अधिक पूर्णिमा के उपलक्ष्य में गौरी शंकर मंदिर प्रांगण सेक्टर-3 में श्री हरि नारायण महाअभिषेक, सत्यनारण कथा का आयोजन रविवार को आयोजित हुआ। जिसमें भक्तजनों ने सम्मिलित होकर श्री हरि विष्णु एवं महादेव का आशीर्वाद ग्रहण किया।

### रिस्दी में मनायी गयी जयंती, कार्यकर्ताओं ने किया नमन



**कोरबा।** समाजसेविका, कुशल प्रशासक, न्यायप्रिय शासक एवं महिला सशक्तिकरण की प्रतीक अहिल्याबाई होलकर की जयंती के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी जिला द्वारा रिसदी स्थित उनकी प्रतिमा पर श्रद्धांजलि एवं माल्यार्पण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष गोपाल मोदी सहित भाजपा पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने लोकमाता अहिल्याबाई होलकर की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए। श्री मोदी ने कहा कि लोकमाता अहिल्याबाई होलकर भारतीय इतिहास की ऐसी महान शासिका थीं, जिन्होंने सेवा, सुशासन, न्याय और जनकल्याण के क्षेत्र में अद्वितीय उदाहरण प्रस्तुत किया। इस अवसर पर भाजपा कार्यकर्ताओ ने अहिल्याबाई होलकर के आदर्शों, सुशासन, जनसेवा और समाज कल्याण के क्षेत्र में उनके अतुलनीय योगदान को स्मरण किया। कार्यक्रम में आरएसएस के जिला कार्यवाहक कैलाश नाहक, डॉ. मनोज कुमार झा, हेमंत मोहलीकर, बालकृष्ण ठाकुर, अजय विश्वकर्मा, अजय पांडेय, योगेश जैन, रूक्मणी नायर, विकास अग्रवाल, डॉ. राजेश राठौर, अर्जुन गुप्ता, कुलसिंह कंवर, सरजू अजय, प्रकाश अग्रवाल, राजेश लहरे, संजीव शर्मा, संजय राठौर व मोंटी पटेल सहित भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता शामिल हुए।

## पृष्ठ 1 का शेष

### भर्ती प्रक्रिया...

आवेदनों की संख्या 3500 से उपर पहुंच चुकी है। जिले में आत्मानंद के 15 स्वामी आत्मानंद स्कूल अंग्रजी माध्यम से संचालित हैं। इन्हीं स्कूलों में शिक्षक और गैर शिक्षकीय पदों पर भर्ती चल रही थी।

### पेड़ की डाल...

पोस्टमार्टम कराया गया और शव परिजनों को सौंप दिया गया है। राजस्व अधिकारियों ने बताया कि आरबीसी 6-4 के अंतर्गत राहत सहायता प्रदान करने हेतु प्रकरण तैयार किया जा रहा है तथा आवश्यक औपचारिकताएं पूर्ण होते ही निर्धारित राहत राशि मृतकों के परिजनों को प्रदान की जाएगी। जिला प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि खराब मौसम, तेज आंधी-तूफान एवं बारिश के दौरान पेड़ों तथा असुरक्षित स्थानों के नीचे खड़े होने से बचें तथा सुरक्षा संबंधी सावधानियों का पालन करें।

### गोठानों को...

के लिए पत्र प्रेषित किया गया है। शासन की ओर से विभाग के इस प्रस्ताव पर स्वीकृति नहीं मिलने के कारण अब तक जिले में एक गौठान को ही गौधाम बनाया जा चुका है।

## बस स्टेंड व रेलवे स्टेशन पहुंची नशा मुक्ति की टीम

# विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर ब्रह्माकुमारीज ने चलाया नशामुक्ति जागरूकता अभियान



नशामुक्ति अभियान के दौरान जानकारी देती प्रजापिता ईश्वरीय विश्वविद्यालय की सदस्य।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के विश्व सद्भावना भवन में नशामुक्ति एवं स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देने हेतु जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ शबरी सेवा संस्थान, कोरबा के संचालक ए. केरकेट्टा, बी.के. रुक्मणि, बी.के. बिंदु रहें। दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम की शुरुआत किया गया।

इस मौके पर ए. केरकेट्टा ने कहा कि तंबाकू और अन्य मादक पदार्थ व्यक्ति के स्वास्थ्य, परिवार और समाज तीनों के लिए हानिकारक हैं। उन्होंने युवाओं को नशे से दूर रहकर सकारात्मक एवं मूल्यनिष्ठ जीवन अपनाने की प्रेरणा दी तथा नशामुक्त समाज के निर्माण के लिए सामूहिक प्रयासों पर बल दिया। इस अवसर पर बी. के. रुकमणी ने कहा कि नशा व्यक्ति की आत्मिक शक्तियों को कमजोर कर देता है। राजयोग मेडिटेशन के माध्यम से मन को सशक्त बनाकर किसी भी प्रकार की बुरी आदत से मुक्ति पाई जा सकती है। उन्होंने आत्मिक जागरूकता को नशामुक्त जीवन का आधार बताया। बी. के. बिंदु दीदी ने कहा कि तंबाकू सेवन अनेक गंभीर बीमारियों का कारण बनता है। उन्होंने कहा कि आध्यात्मिकता, आत्मविश्वास और सकारात्मक सोच के द्वारा व्यक्ति नशे की प्रवृत्तियों पर विजय प्राप्त कर सकता है। उन्होंने सभी को स्वयं नशामुक्त रहने और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करने का संदेश दिया। कार्यक्रम के दौरान बी. के. मधुबाला बहन द्वारा सभी उपस्थितजनों को राजयोग मेडिटेशन का गहन अभ्यास कराया गया। मेडिटेशन के माध्यम से उन्होंने आत्मिक शांति, मानसिक सशक्तिकरण एवं नशे जैसी बुरी आदतों से मुक्त होने के लिए सकारात्मक संकल्पों का अनुभव कराया। इसके पश्चात बी. के. बिंदु दीदी द्वारा सभी उपस्थितजनों को नशे से दूर रहने एवं दूसरों को भी नशामुक्त जीवन के लिए प्रेरित करने की प्रतिज्ञा दिलाई गई। इसी तारतम्य में कोरबा रेलवे स्टेशन में भी विश्व तंबाकू निषेध दिवस के उपलक्ष्य में विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

### रासेयो चैतमा जनजागरूकताअभियान चलाया

**चैतमा।** स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के वीरेंद्र कुमार बंजारे कार्यक्रम अधिकारी ईको क्लब प्रभारी के मार्गदर्शन में स्वंय सेवक पायल, अनुष्का, राहुल, विजय, आदित्य, साहिल, नीतीश, अनीश इत्यादि स्वंय सेवकों ने विश्व तम्बाकू निषेध दिवस पर चित्रकला, स्लोगन, रैली के माध्यम से जनजागरूकता का संदेश दिया। प्राचार्य चंद्राणी सोम ने बताया कि इस दिवस का उद्धेश्य तम्बाकू सेवन से होने वाले दुष्प्रभावों के प्रति लोगों को जागरूक करना तथा तम्बाकू मुक्त समाज के निर्माण के लिए प्रेरित, तम्बाकू के सेवन से होने वाली गंभीर बीमारियों और सामाजिक-आर्थिक नुकसान कैंसर, हृदय रोग, फेफड़ों की बीमारी, उच्च रक्तचाप तथा अन्य गंभीर रोग उत्पन्न होते हैं। वीरेंद्र कुमार बंजारे कार्यक्रम अधिकारी ईको क्लब प्रभारी ने बताया कि तम्बाकू के सेवन से व्यक्ति की कार्यक्षमता, आर्थिक स्थिति, नकारात्मक प्रभाव होता है। तम्बाकू छोड़ने और स्वस्थ जीवन अपनाने के लिए विश्व तम्बाकू निषेध दिवस हमें स्वस्थ और सुरक्षित जीवन का संदेश देता है। हमें स्वयं तम्बाकू से दूर रहना चाहिए तथा दूसरों को भी इसके दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करना चाहिए। राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों का यह कर्तव्य है कि वे समाज में जनजागरूकता फैलाकर तम्बाकू मुक्त भारत के निर्माण में अपना योगदान दें।




## वैष्णव बैरागी समाज का शपथ ग्रहण समारोह




शपथ लेते कार्यकारिणी के पदाधिकारी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

किसी भी समाज की वास्तविक शक्ति उसकी एकता, आपसी सहयोग और संगठन में निहित होती है। समाज के प्रत्येक व्यक्ति को एक-दूसरे के सुख-दुख में सहभागी बनना चाहिए तथा सामाजिक, शैक्षणिक और सांस्कृतिक गतिविधियों में बढ़-चढ़कर योगदान देना चाहिए। समाज के विकास से ही व्यक्ति, परिवार और आने वाली पीढ़ियों का विकास संभव है। इसलिए सभी लोगों को आपसी मतभेदों को भुलाकर समाज हित में मिलजुल कर कार्य करना चाहिए।

उक्त बातें वैष्णव बैरागी समाज कोरबा के जिला अध्यक्ष लोमस दास बैरागी ने शपथ ग्रहण समारोह के दौरान कही। कार्यक्रम में समाज के वरिष्ठजनों, युवाओं एवं महिलाओं की बड़ी संख्या में सहभागिता रही। समारोह का मुख्य उद्देश्य समाज को संगठित करना, सामाजिक एकता को मजबूत बनाना तथा समाज के सर्वांगीण विकास के लिए नई कार्ययोजना तैयार करना रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान श्रीहरि विष्णु के पूजन-अर्चन एवं मंगलाचरण के साथ किया गया। इसके पश्चात श्री वैष्णव विकास समिति, कोरबा के संरक्षक शिव वैष्णव एवं अजय वैष्णव द्वारा नवनिर्वाचित जिला अध्यक्ष लोमस दास बैरागी को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। साथ ही कामेश्वर वैष्णव को उपाध्यक्ष, दिनेश वैष्णव को सचिव तथा नर्मदा वैष्णव को कोषाध्यक्ष पद की शपथ दिलाकर समाज हित में निष्ठापूर्वक कार्य करने का संकल्प दिलाया गया। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं की उपस्थिति देखने को मिली। समाज की महिलाओं ने भी सामाजिक विकास और संगठन को मजबूत बनाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाने का संकल्प लिया। सभी महिलाओं का स्वागत पार्षद श्रीमती वर्षा वैष्णव द्वारा पुष्पहार पहनाकर किया गया। उन्होंने महिलाओं को समाज निर्माण की आधारशिला बताते हुए सामाजिक गतिविधियों में उनकी सक्रिय भागीदारी पर जोर दिया।

# बीते पांच वर्षों में डब्ल्यूसीएल की 18 एसईसीएल की 12 खदान हुई बंद




हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कोल इंडिया लिमिटेड की अनुषंगी कंपनियां बीते पांच वर्षों में 42 खदानें बंद कर चुकी हैं। 42 खदानों में से 30 अंडरग्राउंड और 12 ओपनकास्ट शामिल हैं। सबसे अधिक डब्ल्यूसीएल की 18 तो एसईसीएल की 12 खदानें बंद की गई हैं। बीसीसीएल का एक भी खदान बंद नहीं की गई है। बंद खदानों को एमडीओ के माध्यम से निजी कंपनियों को सौंपने पर काम चल रहा है।

उल्लेखनीय है कि कोलइंडिया की अनुषंगी कंपनियों की भूमिगत व ओपन कास्ट खदानों के बंद होने का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। अधिक खर्च के बाद भी कम कोयला उत्पादन और बढ़ते मेनपॉवर को देखते हुए अनुषंगी कंपनियों के खदानों को बंद किया जा रहा है। बीते 5 वर्षों में कुल 42 खदानों को बंद किया जा चुका है। इसीएल की 6 खदानें बंद की गयी हैं। सीसीएल में पिपरवार ओपनकास्ट और सरुवेरा तथा उरीमारी अंडरग्राउंड खदान को बंद किया गया है। रामगढ़ जिले का सारुवेरा माइंस पर्यावरण स्वीकृति नहीं मिलने के कारण बंद हो गया है। यहां जमीन संबंधी कई मामले थे, जिसका समय पर समाधान नहीं हो पाया है। इस कारण कंपनी की इस खदान को बंद करना पड़ा। उरीमारी खदान के अतिरिक्त चतरा जिले के पिपरवार से भी उत्पादन बंद हो गया है। पिपरवार एशिया की सबसे बड़ी ओपन कास्ट खदान थी। कई देशों की मदद से इसे शुरू किया गया था।

**खास बात**

- कोल इंडिया की अनुषंगी कंपनियों के 42 खदानों में उत्पादन पड़ा ठप

### किस कंपनी की कितनी खदानें बंद

एसइसीएल की विश्रामपुर ओपनकास्ट, महामाया अंडरग्राउंड, महान ओपनकास्ट, पवन अंडरग्राउंड, सुराकछार 3 एवं 4 अंडरग्राउंड, सुराकछार अंडरग्राउंड मुख्य खान, जमुना अंडरग्राउंड आरओ (1 एवं 2), कपिलधारा अंडरग्राउंड, न्यू अमलाई अंडरग्राउंड व पिनौरा अंडरग्राउंड खदान बंद किए जा चुके हैं। इसी तरह एनइसी की लेडो ओपनकास्ट, टिकाक ओपनकास्ट, टिपोंग अंडरग्राउंड व तिरप ओपनकास्ट तो डब्ल्यूसीएल की बरकुही ओपनकास्ट, भारत (घारावडी-2) ओपनकास्ट, ओपनकास्ट डैम, गणपति अंडरग्राउंड, घरवारी/झरना अंडरग्राउंड, मोहन फेज- 4 ओपनकास्ट, न्यू सेठिया ओपनकास्ट, शोभापुर अंडरग्राउंड, विष्णुपुरी- 1 अंडरग्राउंड, एबी-इंक्लाइन अंडरग्राउंड, सीआरसी अंडरग्राउंड, महाकाली अंडरग्राउंड, मन्ना अंडरग्राउंड, मुरपर अंडरग्राउंड, पद्मपुर ओपनकास्ट, पिपला अंडरग्राउंड, सारनी अंडरग्राउंड व सस्ती अंडरग्राउंड तो इसीएल की गोपीनाथपुर ओपनकास्ट एवं अंडरग्राउंड, चिनकुरी। अंडरग्राउंड, जेमेहरी अंडरग्राउंड, कालीपहाड़ी अंडरग्राउंड, एसएस इंक्लाइन अंडरग्राउंड व सोडेपुर (आर) अंडरग्राउंड खदान को बंद किया जा चुका है।

# कटघोरा की चौपाटी बनी आवारा पशुओं का अड्डा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा




चौपाटी में मंडराते आवारा मवेशी।

शहर की पहचान बन चुकी चौपाटी इन दिनों आवारा पशुओं का अड्डा बनती जा रही है। चौपाटी के तीनों ओर रेलिंग नहीं होने के कारण गाय, बैल और अन्य आवारा पशु आसानी से परिसर में प्रवेश कर जाते हैं।व शाम होते ही जहां लोग अपने परिवार और मित्रों के साथ खानपान का आनंद लेने पहुंचते हैं, वहीं आवारा पशुओं की मौजूदगी नागरिकों के लिए परेशानी और चिंता का विषय बन गई है।

स्थानीय लोगों के अनुसार चौपाटी में लगे फूड स्टॉलों के आसपास पशु खुलेआम घूमते नजर आते हैं। कई बार ये पशु दुकानों के पास रखे बर्तनों, प्लेटों और अन्य सामान को चाटते देखे जाते हैं। इससे स्वच्छता व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। नागरिकों का कहना है कि इस स्थिति से संक्रामक बीमारियों के फैलने का खतरा बना रहता है और लोगों की सेहत पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। चौपाटी में आने वाले लोगों और दुकानदारों ने बताया कि इस समस्या को लेकर कई बार संबंधित अधिकारियों और नगर प्रशासन को ध्यान आकर्षित कराया जा चुका है। बावजूद इसके आज तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। यदि चौपाटी के तीनो ओर मजबूत रेलिंग लगाई जाए तो आवारा पशुओं का प्रवेश रोका जा सकता है और स्वच्छता व्यवस्था भी बेहतर हो सकती है। चौपाटी शहरवासियों के मनोरंजन और खानपान का प्रमुख केंद्र है। यहां प्रतिदिन बड़ी संख्या में परिवार, महिलाएं और बच्चे पहुंचते हैं। लेकिन आवारा पशुओं की आवाजाही के कारण लोग असहज महसूस करते हैं। कई बार पशुओं के अचानक भीड़ में आ जाने से दुर्घटना की आशंका भी बनी रहती है।

**खास बात**

- खानपान करने वालों की सेहत पर मंडरा रहा खतरा

### प्रशासन से शीघ्र समाधान की मांग

नागरिकों ने नगर प्रशासन से मांग की है कि चौपाटी के तीनों ओर जल्द से जल्द रेलिंग लगाई जाए तथा आवारा पशुओं को परिसर से दूर रखने के लिए प्रभावी व्यवस्था की जाए। लोगों का कहना है कि यदि समय रहते इस समस्या का समाधान नहीं किया गया तो चौपाटी की स्वच्छ छवि धूमिल होने के साथ-साथ नागरिकों के स्वास्थ्य पर भी गंभीर खतरा उत्पन्न हो सकता है। शहरवासियों का कहना है कि चौपाटी जैसी सार्वजनिक जगहों पर स्वच्छता और सुरक्षा को प्राथमिकता देना प्रशासन की जिम्मेदारी है। अब देखना यह होगा कि अधिकारियों की नींद कब खुलती है और कटघोरा चौपाटी को आवारा पशुओं से कब मुक्ति मिलती है।

## हेल्थ प्लस

### हृदय रोगियों के लिए वरदान बनी एनकेएच की कैथलैब सुविधा



**कोरबा।** शहर के सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल एनकेएच में कैथलैब सुविधा शुरू होने के बाद हृदय रोगियों को बड़े शहरों जैसी अत्याधुनिक चिकित्सा सेवाएं स्थानीय स्तर पर ही उपलब्ध होने लगी हैं। इससे गंभीर मरीजों को रायपुर या अन्य महानगरों में उपचार के लिए भटकना नहीं पड़ रहा और समय पर इलाज मिलने से जीवन रक्षा आसान हो रही है। भीषण गर्मी, अनियमित खान-पान और बदलती जीवनशैली के कारण इन दिनों हृदय संबंधी समस्याओं के मरीजों की संख्या बढ़ रही है। कई लोग सीने में जलन, गैस, अपच और बेचैनी को सामान्य समस्या समझकर नजरअंदाज कर देते हैं, जबकि कई मामलों में ये हार्ट अटैक के शुरुआती संकेत साबित हो रहे हैं। पिछले सप्ताह एनकेएच में 15 से अधिक हृदय रोगी पहुंचे, जिनका विशेषज्ञ चिकित्सकों की निगरानी में तत्काल उपचार किया गया। रायपुर से आने वाले कार्डियोलॉजी विशेषज्ञ डॉ. सतीश सूर्यवंशी एवं डॉ. एस.एस. मोहंती की टीम द्वारा मरीजों की जांच के बाद 5 मरीजों की एंजियोप्लास्टी और 5 मरीजों की एंजियोग्राफी की गई। इसके अलावा एक मरीज में सफलतापूर्वक पेसमेकर प्रत्यारोपित किया गया। विशेष उपलब्धि के रूप में कोरबा में पहली बार अब तक 3 मरीजों में एआईसीडी (ऑटोमेटिक इम्प्लांटेबल कार्डियोवर्टर डिफिब्रिलेटर) प्रत्यारोपण भी सफलतापूर्वक किया जा चुका है। एआईसीडी एक छोटा इलेक्ट्रॉनिक उपकरण है, जिसे छाती में प्रत्यारोपित किया जाता है। यह हृदय की धड़कनों पर लगातार नजर रखता है और खतरनाक अनियमित धड़कन या अचानक हृदय गति रुकने की स्थिति में विद्युत झटका देकर दिल की सामान्य लय बहाल करता है। यह उपकरण कई मरीजों के लिए जीवनरक्षक साबित होता है। अस्पताल प्रबंधन के अनुसार मई माह में कैथलैब में 17 मरीजों की एंजियोग्राफी, 12 मरीजों की एंजियोप्लास्टी तथा एक मरीज का पेसमेकर प्रत्यारोपण सफलतापूर्वक किया गया। कैथलैब सुविधा शुरू होने के बाद से अब तक एनकेएच में 400 से अधिक एंजियोग्राफी और 200 से ज्यादा एंजियोप्लास्टी की जा चुकी हैं।

# भाजपा कोसाबाड़ी मंडल ने मनाई लोकमाता अहिल्याबाई की जयंती

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



जयंती मनाते हुए भाजपा कार्यकर्ता।

भारतीय जनता पार्टी कोसाबाड़ी मंडल द्वारा लोकमाता महारानी अहिल्याबाई होलकर की 301वीं जयंती के अवसर पर अहिल्याबाई होलकर कन्वेंशन हॉल परिसर में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में भाजपा पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं एवं सामाजिक जनों ने लोकमाता की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी तथा उनके आदर्शों को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ परिसर में विशेष स्वच्छता अभियान के साथ हुआ। भाजपा कार्यकर्ताओं ने कन्वेंशन हॉल परिसर की साफ-सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया। इसके पश्चात लोकमाता अहिल्याबाई होलकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पण कर उनके लोककल्याणकारी जीवन, सुशासन, न्यायप्रियता और जनसेवा के अद्वितीय योगदान का स्मरण किया गया। कार्यक्रम में पूर्व महापौर जोगेश लांबा एवं वरिष्ठ भाजपा नेत्री मंजू सिंह विशेष रूप से उपस्थित रहीं। आयोजन की अध्यक्षता कोसाबाड़ी मंडल अध्यक्ष डॉ. राजेश राठौर ने की। अपने उद्बोधन में वक्ताओं ने कहा कि लोकमाता अहिल्याबाई होलकर भारतीय इतिहास की ऐसी महान शासिका थीं, जिन्होंने शासन को जनकल्याण का माध्यम बनाया और धर्म, संस्कृति, शिक्षा तथा समाज सेवा के क्षेत्र में अमिट योगदान दिया। उनका जीवन आज भी समाज और राष्ट्र के लिए प्रेरणा का प्रकाश स्तंभ है। वक्ताओं ने कहा कि अहिल्याबाई होलकर ने देशभर में मंदिरों, धर्मशालाओं, घाटों और जनहित के अनेक कार्यों के माध्यम से भारतीय संस्कृति के संरक्षण एवं संवर्धन में ऐतिहासिक भूमिका निभाई। उनका त्याग, सेवा और समर्पण आज भी प्रत्येक भारतीय के लिए अनुकरणीय है। इस अवसर पर मंडल पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं में अनिल वस्त्रकार, मदन गोपाल साहू, सरस्वती पटेल, तेरस दास दीवान, गोपलाल राठिया, सरिता कौशिक, पवन सिन्हा, मोंटी पटेल, आशीष सूर्यवंशी, अमित पटेल, नारायण ठाकुर, बद्री वस्त्रकार, रितेश साहू, चंचला राठौर, सौरभ दुबे, भजन सिंह कंवर, बलदेव दीवान सहित भाजपा के वरिष्ठ पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं समाजसेवी उपस्थित रहे।

### खरीफ फसल के लिए जिले में खाद एवं बीज का पर्याप्त भंडारण

**कोरबा।** भारत सरकार एवं राज्य शासन के निर्देशानुसार कृषकों को गुणवत्तायुक्त एवं पर्याप्त मात्रा में उर्वरकों की उपलब्धता सुनिश्चित की जा रही है। कृषि विभाग के उप संचालक डी.पी.एस. कंवर ने बताया कि जिले में खाद एवं बीज पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध हैं तथा किसी प्रकार की कमी नहीं है। उन्होंने बताया कि वैज्ञानिकों द्वारा सतत कृषि विकास हेतु एकीकृत पोषक तत्व प्रबंधन की अनुशंसा के अनुसार रासायनिक उर्वरकों के उपयोग के साथ-साथ जैव उर्वरक, जैविक खाद एवं हरी खाद जैसे वैकल्पिक उपायों को भी सम्मिलित किया गया है।

## कोरबा मार्केट

स्वास्थ्य सेवा में बनाएं अपना सुनहरा भविष्य
सिद्धि विनायक हॉस्पिटल एण्ड पैरामेडिकल कॉलेज
मान्यता प्राप्त एवं परिषद से संबद्ध, MP PARAMEDICAL COUNCIL से संबद्ध
पात्रता (ELIGIBILITY)
शैक्षणिक योग्यता 12 वीं पास (जीव विज्ञान विषय के साथ) केवल महिला अभ्यर्थी आवेदन कर सकती हैं।
कोर्सेज (पाठ्यक्रम)
D.M.L.T. (2 वर्ष) डिप्लोमा इन मेडिकल लेब टेक्नोलॉजियन
O.T. TECHNICIAN (1 वर्ष) ऑपरेशन थियेटर टेक्नशियन
X-RAY TECHNICIAN (2 वर्ष) एक्स-रे टेक्नशियन
9993000683
सिद्धि विनायक हॉस्पिटल, प्लॉट नं. 52, कोसाबाड़ी, ब्लू बर्ड स्कूल के पीछे, कोरबा, छत्तीसगढ़

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेंटर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
हड्डी एवं जोड़ों का दर्द • नसों का रोग
त्वचा एवं बालों का रोग • स्त्री रोग • मानसिक रोग
मूत्र संबंधी रोग • मधुमेह (डायबिटीज़) • नेत्र रोग
किडनी संबंधी रोग • पेट संबंधी विकार • थायराइड
अस्थमा • मोटापा • मांसपेशी का रोग
मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त

## खबर संक्षेप



### छात्र प्रतिभा सम्मान समारोह का हुआ आयोजन

**हरदीबाजार।** नेहरू नगर बरेली में राष्ट्रीय रजत महासंघ भारत जिला इकाई रतीजा द्वारा आयोजित छात्र प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में शिक्षा, सामाजिक जागरूकता एवं युवा पीढ़ी को आगे बढ़ाने के उद्देश्य से उत्कृष्ट कार्य करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर उपस्थित विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा गया कि शिक्षा ही वह माध्यम है जो व्यक्ति, समाज और राष्ट्र के विकास की मजबूत नींव तैयार करती है। प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं का सम्मान न केवल उनके उत्साह को बढ़ाता है, बल्कि अन्य युवाओं को भी उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रेरित करता है। समाज के विकास में शिक्षित युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका होती है और ऐसे आयोजन नई पीढ़ी के उज्ज्वल भविष्य निर्माण में मील का पत्थर साबित होते हैं। कार्यक्रम में डॉ. बी.आर. निर्मलकर, रामाधार निर्मलकर, कुंजराम निर्मलकर, सरपंच राजू लाल श्रोते, प्रेमलाल कंवर, श्रीमती लता कंवर, मन्नु राठौर उपस्थित रहे।

### कन्नौजिया राठौर नवचेतना समिति (इकाई) का एक दिवसीय योगा कार्यक्रम



**कोरबा।** नवचेतना समिति (इकाई) द्वारा आयोजित ग्रीष्मकालीन एक दिवस ध्यान संस्कार, योग, यज्ञ हवन एवं व्यक्तित्व विकास का कार्यक्रम आनंदम भवन, मैगजीनभाठा, दादर में आयोजित किया गया। जिसमें योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन के योगाचार्य दुर्गेश राठौर, योग शिक्षिका श्रीमती विनीता दीक्षित, श्रीमती दुर्गेश तिवारी ने योग ध्यान कराया गया। इस शिविर का उद्देश्य बच्चों में शारीरिक, मानसिक एवं बौद्धिक विकास के साथ-साथ एकाग्रता, आत्मविश्वास, अनुशासन तथा सकारात्मक सोच का विकास करना है। शिविर में योगासन, प्राणायाम, ध्यान, तनाव प्रबंधन तथा स्वस्थ जीवनशैली से संबंधित उपयोगी जानकारी प्रदान की गई । नियमित योग एवं ध्यान के माध्यम से बच्चों की स्मरण शक्ति, सीखने की क्षमता तथा अध्ययन के प्रति रुचि में वृद्धि होती है। साथ ही यह उन्हें परीक्षा के तनाव से मुक्ति दिलाकर मानसिक संतुलन बनाए रखने में सहायता करता है। योग और ध्यान केवल शारीरिक व्यायाम नहीं, बल्कि विद्यार्थियों के मानसिक, बौद्धिक और भावनात्मक विकास का प्रभावी माध्यम हैं। यदि बच्चे प्रतिदिन 20–30 मिनट योग और ध्यान करें, तो उनकी पढ़ाई, स्वास्थ्य और व्यक्तित्व में सकारात्मक परिवर्तन दिखाई देता है।

### बच्चों को व्यक्तित्व विकास व नैतिक विषयों पर दिया गया मार्गदर्शन



**कोरबा।** भारत विकास परिषद द्वारा बच्चों के सर्वांगीण विकास के उद्देश्य से आयोजित विशेष शिविर का समापन रविवार को संपन्न हुआ। शिविर के दौरान बच्चों को शिक्षा, स्वास्थ्य, व्यक्तित्व विकास एवं नैतिक मूल्यों से संबंधित विभिन्न विषयों पर मार्गदर्शन प्रदान किया गया। समापन समारोह में प्रतिभागी बच्चों को उनकी सक्रिय भागीदारी एवं उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए पुरस्कार भी वितरित किए गए। शिविर में विद्या भारती मध्य क्षेत्र के उपाध्यक्ष जुड़ावन सिंह ठाकुर, प्राचार्य सूर्यकुमार पांडे, वरिष्ठ नेत्र चिकित्सक डॉ. जुगल किशोर दानी, प्रेम रामचंदानी, महेश अग्रवाल, महेश गुप्ता सहित अन्य विशेषज्ञों एवं गणमान्य प्रतिनिधियों ने बच्चों को अलग-अलग विषयों पर उपयोगी जानकारी दी। वक्ताओं ने विद्यार्थियों को अनुशासन, संस्कार, शिक्षा के महत्व, स्वास्थ्य जागरूकता तथा जीवन में सफलता प्राप्त करने के विभिन्न सूत्रों से अवगत कराया। भारत विकास परिषद के प्रांतीय पदाधिकारी धर्मेंद्र कुरेशिया ने परिषद की गतिविधियों की जानकारी देते हुए बताया कि संगठन अखिल भारतीय स्तर पर शिक्षा, स्वास्थ्य, संस्कार एवं सामाजिक सेवा के क्षेत्र में लगातार कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि परिषद का मुख्य उद्देश्य बच्चों एवं युवाओं के समग्र विकास के लिए सकारात्मक वातावरण तैयार करना है। देशभर में परिषद द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं और कार्यक्रमों के उल्लेखनीय परिणाम सामने आ रहे हैं, जिससे समाज के सभी वर्ग लाभान्वित हो रहे हैं।

# रविवार की शाम तक कई गांवों की नहीं लौटी बिजली, तूफान से बिजली विभाग को नुकसान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

नौतपा के छठवें दिन शनिवार को मौसम ने अचानक करवट ले ली। सुबह जहां तेज हवाओं के साथ हल्की बारिश और बौछारों ने लोगों को गर्मी से राहत दी, वहीं दोपहर में तेज धूप और उमस ने लोगों को परेशान किया। शाम होते-होते तेज आंधी और बारिश ने जिले के कई इलाकों में जनजीवन प्रभावित कर दिया जिलेभर में 50 से अधिक पेड़ धराशाही हो गए। कई स्थानों पर पेड़ और टहनियां बिजली लाइनों पर गिरने से बिजली व्यवस्था चरमरा गई। रविवार की शाम तक कई गांव की विद्युत व्यवस्था भी बहाल नहीं हो सकी है। विभाग के अफसरों का कहना है कि टीम लगातार लगी हुई है। सोमवार की सुबह तक सभी क्षेत्रों की विद्युत व्यवस्था बहाल हो जाएगी।

## जिले के कई स्थानों में दर्जनों पेड़ व विद्युत पोल हुए धराशाही

**खास बातें**

- शहरी क्षेत्रों में देर रात बहाल हो सकी बिजली सप्लाई
- पानी आपूर्ति रही कई वार्डो में बाधित



शनिवार की शाम जिले में आयी तेज आंधी-बारिश के चलते शहर के कई हिस्सों के साथ ही दर्जनों गांवों में बिजली आपूर्ति बाधित हो गई। कोरबी-चोटिया क्षेत्र के कई गांव अंधेरे में डूब गए। इसके अलावा बरपाली, करतला, कटघोरा और पाली क्षेत्र में भी देर रात तक बिजली आपूर्ति प्रभावित रही। साडा कॉलोनी दर्री में पेड़ गिरने से बिजली व्यवस्था पर असर पड़ा। बिजली विभाग की टीमों ने प्रभावित क्षेत्रों में पेट्रोलिंग कर मरम्मत कार्य शुरू किया और आपूर्ति बहाल करने के प्रयास जारी किया गया और शहर की विद्युत व्यवस्था को रात में ही बहाल कर लिया गया था लेकिन कई ग्रामीण क्षेत्रों की विद्युत व्यवस्था रविवार की रात तक नहीं हो पायी है। बताया जाता है कि कुदमुरा क्षेत्र के आधा दर्जन गांव में अभी भी अंधेरा छाया हुआ है। इस आंधी तूफान से विद्युत विभाग को भारी नुकसान हुआ है।

## स्लम बाहुल्य वार्ड स्थित जोगियाडेरा पीपरापारा बस्ती में होगा सड़क डामरीकरण

# वार्डवासियों की सभी समस्याओं का अनिवार्य रूप से किया जाएगा समाधान : लखन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जोगियाडेरा पीपरापारा बस्ती की यह सड़क मेरे महापौर कार्यकाल में बनाई गई थी, मुझे खुशी है कि आज 22 वर्ष बाद इस सड़क का जीर्णोद्धार व डामरीकरण का कार्य मेरे द्वारा प्रारंभ कराया जा रहा है, मैं इसके लिये बस्तीवासियों को बधाई देता हूँ तथा उन्हें विश्वास दिलाता हूं कि उनकी सभी समस्याओं का समाधान अनिवार्य रूप से किया जायेगा।

**खास बात**

- उद्योग मंत्री ने किया भूमिपूजन, पूरी गुणवत्ता के साथ कार्य पूरा करने दिए निर्देश



भूमिपूजन करते उद्योग मंत्री।

उक्त बातें उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन ने निगम के स्लम बाहुल्य वार्ड क्र. 18 स्थित जोगियाडेरा व पीपरापारा बस्ती में 90 लाख रूपये की लागत से डामरीकरण के भूमिपूजन के दौरान कही। इस दौरान मंत्री श्री देवांगन ने कहा कि उक्त कार्य का भूमिपूजन किया तथा तत्काल कार्य प्रारंभ कर कार्य की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान के देने के साथ ही समयसीमा में कार्य को पूरा करने के निर्देश अधिकारियों को दिये। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन एवं मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अगुवाई में राज्य का तेजी से विकास हो रहा है, हमारी सरकार खोखले वायदें नहीं करती तथा हमारे द्वारा जो भी वायदें किये जाते हैं, वह अवश्य पूरे होते हैं, इसका प्रत्यक्ष प्रमाण हमारे छत्तीसगढ़ की वर्तमान सरकार द्वारा किये जा रहे कार्य हैं। निगम द्वारा क्षेत्र में किये जा रहे लगातार विकास कार्यो की कड़ी के रूप में निगम के वार्ड क्र. 18 स्थित जोगियाडेरा व पीपरापारा बस्ती में 90 लाख रूपये की लागत से सड़क डामरीकरण कार्य होने जा रहा है, जिसका भूमिपूजन उद्योगमंत्री लखनलाल देवांगन के द्वारा किया गया, उन्होने कार्य हेतु विधिवत पूजा अर्चना की, भूमिपूजन पट्टिका का अनावरण किया तथा कार्य प्रारंभ किये जाने के निर्देश अधिकारियों व निर्माण एजेंसियों को दिये। उद्योग मंत्री श्री देवांगन ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुये कहा कि कार्य के दौरान गुणवत्ता पर विशेष ध्यान रखें तथा नियत समय पर कार्य पूरा करायें। श्री देवांगन ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मार्गदर्शन में हमारी सरकार ने अल्प समय में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सभी गारंटियों को पूरा कर अपनी वचनबद्धता प्रदर्शित की है। उन्होने कहा कि डा.रमन सिंह 15 वर्षो तक राज्य के मुख्यमंत्री रहे, प्रदेश में विकास की गंगा बहाई तथा विकास पुरूष के रूप में छबि अर्जित की, अब पुनः मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के द्वारा प्रदेश में विकास की गंगा बहाई जा रही है, राज्य के नागरिकों के दुख-दर्द दूर किये जा रहे है, उनकी समस्याओं का त्वरित निदान हो रहा है। इस दौरान वार्ड पार्षद नरेन्द्र देवांगन, पार्षद चन्द्रलोक सिंह सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण उपस्थित थे।

**हमने बनाया है हम ही संवारेंगे**

इस दौरान वार्ड पार्षद नरेन्द्र देवांगन ने कहा कि हमारी सरकार का मानना है कि हमने छत्तीसगढ़ को बनाया है और हम इसे संवारेंगे और यह नारा केवल कागज तक ही सीमित नहीं है, बल्कि पूरे प्रदेश में राज्य को संवारने, संजाने के प्रमाण प्रत्यक्ष रूप से दिखाई दे रहे हैं। उन्होने कहा कि उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन जब निगम के महापौर थे, तब मेरे वार्ड की इन सड़कों का निर्माण किया गया था, अत्यंत शुभ दिन है कि आज इतने वर्षो बाद उन्हीं के हाथों इस सड़क का जीर्णोद्धार व सड़क डामरीकरण का कार्य कराया जा रहा है, उन्होने कहा कि पूर्व में ऐसा भी समय था जब इसी वार्ड में 4 लाख रूपये का कार्य कराने के लिये एक वार्ड पार्षद के रूप में 8 माह तक संघर्ष करना पड़ा था पर अब सभी वार्डो में करोड़ो के विकास कार्य बड़ी सहजता के साथ संपादित हो रहे हैं।

# मासूम बच्ची को पुलिस ने परिवार से मिलाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



बालको थाना क्षेत्र अंतर्गत सिविक सेंटर क्षेत्र में भटकती हुई एक मासूम बच्ची को पुलिस पेट्रोलिंग टीम ने सुरक्षित संरक्षण में लेकर उसके परिजनों तक पहुंचाया। जानकारी के अनुसार, लगभग 8 से 9 वर्ष की एक बच्ची सिविक सेंटर क्षेत्र में अकेली और डरी-सहमी अवस्था में घूमती हुई मिली। बच्ची काफी घबराई हुई थी और अपना नाम, पता अथवा परिजनों के संबंध में कोई स्पष्ट जानकारी नहीं दे पा रही थी। ऐसे में उसके सुरक्षित होने को लेकर चिंता की स्थिति बन गई थी। सूचना मिलते ही बालको पुलिस की पेट्रोलिंग टीम मौके पर पहुंची और बच्ची को अपने संरक्षण में लिया। इसके बाद पुलिस ने उसकी पहचान और परिजनों की तलाश के लिए अभियान शुरू किया। टीम ने आसपास के लोगों से पूछताछ की, क्षेत्र में खोजबीन की तथा उपलब्ध विभिन्न माध्यमों का उपयोग कर बच्ची के परिवार का पता लगाने का प्रयास किया। घंटों मशक्कत के बाद आखिरकार पुलिस टीम बच्ची के परिजनों तक पहुंची। जब मासूम बच्ची अपने परिवार से मिली तो परिजनों के चेहरे पर राहत और खुशी साफ झलक रही थी। बच्ची के मिलने पर परिजनों ने बालको पुलिस का आभार जताया।

## ट्रेलर की ठोकर से महिला की मौत

**कोरबा।** विगत दिनों एक महिला सड़क हादसे की शिकार हो गई थी जिसके बाद उसे गंभीरावस्था में मेडिकल अस्पताल में भर्ती कराया गया था जहां इलाज के दौरान महिला की मौत हो गई है। पुलिस ने मामले में वैधानिक कार्यवाही कर शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया है।

जानकारी के मुताबिक कटघोरा थाना क्षेत्र के ग्राम जुराली निवासी देवकुमार गोंड़ की 34 वर्षीय पत्नी विमला गोंड़ विगत दिनों शादी समारोह में शामिल होने के लिए तुमान जा रही थी जहां बीच रास्ते में एक बाइक सवार युवक से लिफ्ट लेकर तुमान श्याम होटल के समीप पहुंची थी कि तेज रफ्तार ट्रेलर के चालक ने तेजी व लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए मोटर साइकिल को अपनी चपेट में ले लिया था जिससे बाइक सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गई थी जिसके बाद विमला को उपचार के लिए कटघोरा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में दाखिल कराया गया था। जहां उसकी बिगड़ती हालत को देखते हुए चिकित्सकों ने मेडिकल अस्पताल दाखिल कर दिया था जहां इलाज के दौरान रविवार को उसकी मौत हो गई है।

# शक्ति केंद्र सराई सिंगार में सुनी गई प्रधानमंत्री के मन की बात



प्रधानमंत्री की मन की बात सुनते भाजपा कार्यकर्ता।

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदीबाजार

भारतीय जनता पार्टी के शक्ति केंद्र सराई सिंगार में रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मन की बात के 134वाँ संस्करण का सामूहिक श्रवण किया गया। कार्यक्रम का आयोजन श्याम राठौर के निज निवास पर किया गया। कार्यक्रम के पश्चात भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा टिफिन बैठक आयोजित की गई। बैठक में संगठनात्मक विषयों, आगामी कार्यक्रमों, बूथ सशक्तिकरण, केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने तथा संगठन विस्तार को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री के संदेशों को घर-घर पहुंचाने एवं समाज के विभिन्न वर्गों को संगठन से जोड़ने का संकल्प लिया। इस अवसर पर द्वारिका शर्मा, नरेश टंडन, डॉ. विजय राठौर, कृष्णा पटेल, बजरंग यादव, नरेंद्र अहीर, प्रभाकर कौशिक, श्याम राठौर, फिरतु यादव, मुकेश यादव, सत्या राठौर, मनीष कुमार, दिनेश बाजपेयी, राहुल कश्यप, गौरव राठौर, गुलशन एवं अन्य भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# खाद दुकानों पर कार्रवाई, 115 प्रतिष्ठानों की जांच 28 को भेजा नोटिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

खरीफ सीजन 2026 की तैयारियों के मद्देनजर कोरबा जिले में खाद-बीज वितरण व्यवस्था को पारदर्शी और व्यवस्थित बनाए रखने के लिए जिला प्रशासन एवं कृषि विभाग ने सख्त रुख अपनाया है। कलेक्टर के निर्देश पर जिलेभर में उर्वरक दुकानों का औचक निरीक्षण, निगरानी और समीक्षा बैठक के माध्यम से व्यापक कार्यवाही की गई है। प्रशासन का मुख्य उद्देश्य किसानों को निर्धारित दर पर गुणवत्तायुक्त खाद-बीज उपलब्ध कराना तथा कालाबाजारी, जमाखोरी और अनियमितताओं पर रोक लगाना है।

**खास बात**

- 56 बोरी यूरिया जब्त, कलेक्टर ने निगानी के दिए निर्देश



कार्यवाही करती कृषि विभाग की टीम।

उल्लेखनीय है कि निरीक्षण में कुल 18 उर्वरक दुकानों की जांच की गई, जिनमें से 6 दुकानों में अनियमितता पाए जाने पर कारण बताओ नोटिस जारी किए गए। एक दुकान पर विक्रय प्रतिबंध लगाया गया, वहीं सिरली (पाली) स्थित दूकान से अवैध रूप से भंडारित 56 बोरी यूरिया जप्त की गई। कृषि विभाग के उप संचालक डी.पी.एस. कंवर ने बताया कि 1 अप्रैल से अब तक जिले के 115 सहकारी एवं निजी उर्वरक प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया जा चुका है। इस दौरान 28 दुकानों को कारण बताओ नोटिस जारी किए गए हैं तथा 5 निजी दुकानों पर 21 दिनों के लिए विक्रय प्रतिबंध लगाया गया है। विभाग द्वारा खरीफ 2026 के लिए विशेष सतर्कता बरती जा रही है। निरीक्षण के दौरान पीओएस मशीन में दर्ज स्टॉक और वास्तविक भंडार में अंतर, निर्धारित मूल्य से अधिक दर पर विक्रय, बिना लाइसेंस उर्वरक वितरण, अनुदान प्राप्त खाद का दुरुपयोग तथा अनुचित स्थानों पर भंडारण जैसी अनियमितताओं पर विशेष नजर रखी जा रही है और दोषियों पर दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। कलेक्टर ने खरीफ सीजन के लिए उर्वरक वितरण की विशेष व्यवस्था तय करते हुए निर्देश दिए कि सीमांत किसानों को पिछले वर्ष वितरित यूरिया की 80 प्रतिशत एवं डीएपी की 60 प्रतिशत मात्रा एकमुश्त दी जाए। लघु किसानों को यूरिया दो किश्तों में तथा बड़े किसानों को तीन किश्तों में उर्वरक उपलब्ध कराया जाए, ताकि पूरे सीजन में खाद की उपलब्धता बनी रहे।

**खाद्य सुरक्षा विभाग ने कई दुकानों से लिए गए सैंपल**

खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की टीम ने पाम मॉल स्थित जियो मार्ट में निरीक्षण कर आयातित खाद्य उत्पादों के नमूने लिए। इनमें इम्पोर्टेड चॉकलेट, पास्ता, खजूर, बिस्कुट और एनर्जी ड्रिंक शामिल हैं। विभाग द्वारा इन सभी नमूनों को प्रयोगशाला परीक्षण के लिए भेजा जाएगा, ताकि उनकी गुणवत्ता और खाद्य सुरक्षा मानकों के अनुरूप होने की जांच की जा सके। अभियान के दौरान घंटाघर चौक स्थित अपना मार्ट से सूजी एवं आटा, मुड़ापार स्थित ज्ञान प्रोविजन से टोस्ट, आर.एस.एस. नगर के जायसवाल जनरल स्टोर से सरसों तेल एवं आटा के नमूने लिए गए। वहीं कटघोरा क्षेत्र में विभिन्न प्रतिष्ठानों से सरसों तेल, सनफ्लावर ऑयल और मिक्स वेजिटेबल ऑयल के सैंपल एकत्र किए गए। कटघोरा के गुप्ता जनरल स्टोर से मिर्च पाउडर, हल्दी पाउडर और धनिया पाउडर के नमूने जांच के लिए संग्रहित किए गए। खाद्य सुरक्षा अधिकारी विकास भगत एवं संघर्ष मिश्रा के नेतृत्व में संचालित इस अभियान का उद्देश्य उपभोक्ताओं को सुरक्षित और गुणवत्तायुक्त खाद्य सामग्री उपलब्ध कराना है।

**हरिभूमि**

पाठकों के लिए माह मई 2026 का बिल निम्नानुसार है

| विवरण | दर | राशि |
|---|---|---|
| 15 दिन | 4.00 | 60.00 |
| 16 दिन | 5.00 | 80.00 |
| 31 दिन, | कुल योग= | 140.00 |

कृपया पाठकगण माह मई 2026 के बिल का भुगतान उपरोक्तानुसार अपने एजेण्ट बंधु को 5 जून 2026 तक जमा करें।

प्रसार प्रबंधक
हरिभूमि
गौरव पथ रिंग रोड नं. 2
बिलासपुर

## जिला पंचायत में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम पर कार्यशाला

# कचरे के वैज्ञानिक प्रबंधन से रुकेगा पर्यावरण प्रदूषण : नाग

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों को संबोधित करते जिपं सीईओ।

भारत सरकार के पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा 27 जनवरी को अधिसूचित ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम 2026, वर्ष 2016 के पुराने नियमों का स्थान लेंगे। इन नियमों का मुख्य उद्देश्य कचरे के वैज्ञानिक प्रबंधन के माध्यम से पर्यावरण प्रदूषण को रोकना तथा सार्वजनिक स्वास्थ्य की सुरक्षा सुनिश्चित करना है। उक्त बातें जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री दिनेश कुमार नाग ने बुधवार को जिला पंचायत सभाकक्ष में आयोजित ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम संबंधी कार्यशाला में कही।

सीईओ श्री नाग ने बताया कि माननीय सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशानुसार यह नियम 1 अप्रैल से शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों सहित पूरे देश में लागू हो चुका है। उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायत स्तर पर इन नियमों का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाएगा, जिससे कचरे का वैज्ञानिक एवं व्यवस्थित निपटान हो सके। इसके लिए ग्राम पंचायतों में कचरा संग्रहण शुल्क, शिकायत निवारण एवं निगरानी प्रणाली लागू की जाएगी। साथ ही नियमों के उल्लंघन पर दंडात्मक प्रावधान भी सुनिश्चित किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि ग्राम एवं जनपद स्तर पर उत्पन्न होने वाले कचरे की रिपोर्ट प्रत्येक 15 दिवस में तैयार कर प्रस्तुत करनी होगी। राज्य शासन द्वारा निर्धारित लक्ष्य की पूर्ति हेतु जून माह तक जिले की 25 प्रतिशत ग्राम पंचायतों को वैज्ञानिक तरीके से कचरा मुक्त बनाने का लक्ष्य रखा गया है। श्री नाग ने कहा कि स्वच्छता अभियान की शुरुआत स्वयं से करनी होगी। जिला, जनपद एवं ग्राम पंचायतों के जनप्रतिनिधि, अधिकारी एवं कर्मचारी अपने घरों में वैज्ञानिक कचरा प्रबंधन अपनाएं तथा कचरे के पृथक्करण के लिए नीले, हरे, लाल एवं पीले रंग के डस्टबिन का उपयोग करें, ताकि विभिन्न प्रकार के कचरे का पृथक-पृथक निपटान किया जा सके। कार्यक्रम में लेखा अधिकारी राजेंद्र यादव, सहायक परियोजना अधिकारी श्रीमती इंदिरा भगत, श्रीमती अमिता साहू, जनपद पंचायतों के सीईओ, स्वच्छ भारत मिशन, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के अधिकारी-कर्मचारी, सहायक विकास विस्तार अधिकारी, कार्यक्रम अधिकारी एवं तकनीकी सहायक उपस्थित रहे।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना

प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें

टी.पी. नगर बी. ब्लॉक कामर्शियल काम्पलेक्स, कोरबा मो. 7049267780